शेयर बाजार
सेंसेक्स 76,802.90 -607.08 (-0.78%)
निफ्टी 24,013.10 -154.90 (-0.64%)
सर्राफा बाजार प्रति 10 ग्राम 24 carat
सोना 1,42,170.00
चांदी 2550.00

सूर्योदय प्रातः 5:04 सूर्यास्त संध्या 6:38 पखवाड़ा ज्येष्ठ शु . अष्टमी, संवत 2083 तापमान अधिकतम 33° न्यूनतम 24°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि
रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, सोमवार, 22 जून 2026, वर्ष : 17, अंक : 128, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions

# योग साधना में लीन हुआ अपना भारत

## देशभर में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री व अन्य मंत्रियों ने योग अभ्यास कर दिया फिटनेस का संदेश

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार सुबह कोलकाता में आयोजित 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम में भाग लिया। राष्ट्र को सम्बोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पूरा विश्व और पूरा देश एक-दूसरे से जुड़ा हुआ नजर आ रहा है और यही तो योग की ताकत है। योग सबको जोड़ता है। देशभर में आयोजित योग दिवस के कार्यक्रम में कई मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और कार्यकताओं ने भाग लिया। योग दिवस पर दिल्ली में भी कई स्थानों पर योग कार्यक्रम हुए। इस मौके पर देश के कई वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों, अधिकारियों और आम नागरिकों ने योगाभ्यास कर स्वास्थ्य, फिटनेस और समग्र कल्याण का मैसेज दिया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि योग मानवता के लिए भारत का अमूल्य उपहार है, जो समग्र कल्याण को पोषित करता है। शाह ने अहमदाबाद में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में योग अभ्यास करते हुए यह बात कही। गुजरात के सीएम भूपेन्द्र पटेल ने राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम में भाग लिया। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'एक्स' पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि योग केवल स्वस्थ शरीर का आधार नहीं है, बल्कि संतुलित और संयमित जीवन जीने का मार्ग है। पीएम मोदी के सतत प्रयासों और दूरदर्शी नेतृत्व के परिणामस्वरूप भारत की यह सांस्कृतिक विरासत आज एक वैश्विक जन-आन्दोलन बन चुकी है।

रिपोर्ट के मुताबिक लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया। वहीं, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शांति पथ लॉन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में योगाभ्यास किया। इस अवसर पर नड्डा ने सभी नागरिकों को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने भारत की प्राचीन योग परम्परा को वैश्विक मंच तक पहुंचाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने योग के महत्व और इसके योगदान को दुनिया के सामने रखा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग किया। उन्होंने स्वास्थ्य, कल्याण और समग्र जीवनशैली को बढ़ावा देने के संदेश के साथ लोगों को योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने भी योग सत्र में हिस्सा लिया और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने झांसी के किला मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया और योगाभ्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन योग परम्परा को वैश्विक पहचान दिलाने का श्रेय पीएम मोदी को जाता है। उन्होंने कहा कि पीएम ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को विश्व मंच पर स्थापित करते हुए 140 करोड़ भारतीयों को गर्व के साथ आगे बढ़ने और विकसित भारत के सपने को साकार करने का मार्ग दिखाया है।

वहीं, मुजफ्फरपुर में केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि 2014 में पीएम मोदी ने देश के प्रधान सेवक के रूप में शपथ लेने के बाद उसी साल सितम्बर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था। इस प्रस्ताव को 177 देशों का समर्थन मिला और आज योग दिवस पूरी दुनिया के साथ-साथ भारत में भी बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है।




## योग भारत की ओर से मानवता को मिला अमूल्य उपहार, इसे जीवन का हिस्सा बनायें : उपराष्ट्रपति

**अंतरराष्ट्रीय** योग दिवस के अवसर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम का माध्यम नहीं है, बल्कि यह भारत की प्राचीन ज्ञान परम्परा का ऐसा अमूल्य उपहार है, जिसे पूरी मानवता के कल्याण के लिए विकसित किया गया है। उन्होंने लोगों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने और एक स्वस्थ, खुशहाल तथा शांतिपूर्ण समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। लद्दाख के लेह में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत के ऋषि-मुनियों ने वर्षों की साधना, तपस्या, ध्यान और आध्यात्मिक खोज के माध्यम से योग जैसी समग्र जीवन पद्धति



विकसित की। यह न केवल शरीर को स्वस्थ और सशक्त बनाती है, बल्कि मन को शांत करने और आत्मिक उत्थान का मार्ग भी प्रशस्त करती है।

उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास का प्रभावी माध्यम है। वर्तमान समय में जब दुनिया तनाव, असंतुलित जीवनशैली और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का सामना कर रही है, तब योग मानवता के लिए एक व्यवहारिक और स्थायी समाधान प्रस्तुत करता है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और पहल के कारण योग को वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व पहचान मिली है। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए गए आह्वान को 175 से अधिक सदस्य देशों का समर्थन प्राप्त हुआ था, जिसके परिणामस्वरूप 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता मिली। यह भारतीय संस्कृति और ज्ञान परम्परा को मिला एक ● शेष पृष्ठ 11 पर

## योग और फिटनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी : मांडविया

केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने लोगों से योग को अपनी रोजमर्रा की जिन्दगी का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनने का अपना सपना पूरा करना है तो योग और फिटनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना होगा। नयी दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में रविवार को आयोजित 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री मांडविया शामिल हुए। इस कार्यक्रम में अभिनेता एवं फिटनेस आइकन अक्षय कुमार भी उनके साथ शामिल हुए। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तहत 'फिट इंडिया मूवमेंट' द्वारा आयोजित सामूहिक योग सत्र के लिए स्टेडियम में लगभग 3,000 प्रतिभागी जुटे। केन्द्रीय मंत्री ने सामुदायिक भागीदारी के जरिये व्यवहारगत बदलाव और बीमारी से बचाव वाली स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने में ● शेष पृष्ठ 11 पर



## योग भारत की अमूल्य धरोहर, इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनायें : अश्विनी

**अंतरराष्ट्रीय** योग दिवस के अवसर पर बीकानेर के करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय कानून एवं न्याय तथा संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बड़ी संख्या में लोगों के साथ योग किया। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने योग को स्वस्थ और संतुलित जीवन का आधार बताते हुए इसे दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बीकानेर शौर्य की भूमि है और यहां योग दिवस के अवसर पर उपस्थित होना उनके लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरा विश्व अपना रहा है। योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक शांति, सकारात्मक सोच और तनावमुक्त जीवन का मार्ग भी प्रशस्त ● शेष पृष्ठ 11 पर



## स्वस्थ नागरिक ही मजबूत लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूंजी : ओम बिरला

**लोक** सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संसद भवन परिसर में सांसदों के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वस्थ नागरिक ही मजबूत लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूंजी हैं। संसद में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन योग हमें संवाद और संयम का मार्ग दिखाता है। उन्होंने सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिवस भारत की उस शाश्वत सभ्यतागत विरासत का उत्सव है, जिसने मानवता को स्वास्थ्य, संतुलन और आंतरिक शांति का मार्ग प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को नहीं, विचारों को भी संतुलित करता है। लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि योग मानसिक शांति, धैर्य और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने का सशक्त माध्यम है। लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि योग भारत ● शेष पृष्ठ 11 पर



### रांची विवि में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का हुआ आयोजन

## योग सदियों से भारतीय संस्कृति व जीवन पद्धति का महत्त्वपूर्ण हिस्सा : डॉ. इरफान



- प्रात: 06 बजे से शुरू हुआ योग दिवस कार्यक्रम
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी सहित कई गण्यमान्य अतिथियों ने किया योगाभ्यास
- इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग'

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार सुबह रांची विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती दीक्षांत मंडप में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह 06 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, एनएसएस वॉलेंटियर्स, योग प्रशिक्षकों और योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देनेवाले लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे परिसर में योग के प्रति जागरूकता और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल देखने को मिला। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम ₹स्वस्थ आयु के लिए योग₹ रखी गयी है, जिसका उद्देश्य लोगों को स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

**बढ़ते तनाव और मानसिक दबाव के बीच योग मानसिक संतुलन बनाये रखने में करता है मदद**

योग शुरू करने से पहले स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि योग सदियों से भारतीय संस्कृति और जीवन पद्धति का महत्त्वपूर्ण हिस्सा रहा है। वर्तमान समय में बढ़ते तनाव और मानसिक दबाव के बीच योग लोगों को मानसिक संतुलन बनाये रखने में मदद करता है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ जीवन के लिए योग अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है और मन को भी शांति मिलती है।

**योग शरीर और मन ; दोनों को स्वस्थ रखने का प्रभावी माध्यम**

वहीं, योग करने आये गण्यमान्य अतिथियों ने कहा कि डिजिटल युग में बढ़ता स्क्रीन टाइम लोगों के स्वास्थ्य पर असर डाल रहा है। ऐसे समय में योग शरीर और मन दोनों ; को स्वस्थ रखने का प्रभावी माध्यम बन कर उभरा है। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा देता है और आत्मविश्वास बढ़ाने में भी मदद करता है।

**योगासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले खिलाड़ियों को सम्मान**

इस अवसर पर योगासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। अतिथियों ने उन्हें प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनकी उपलब्धियों की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे खिलाड़ियों की सफलता युवा पीढ़ी को योग अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करती है।

कार्यक्रम के दौरान सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन और मानसिक शांति का संदेश दिया गया। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### कोलकाता में तीन स्वदेशी युद्धपोत नौसेना को समर्पित

## भारत अब रक्षा क्षेत्र में निर्माता बन रहा है : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट पर आयोजित एक भव्य समारोह में भारतीय नौसेना के लिए तीन अत्याधुनिक स्वदेशी सैन्य जहाजों आईएनएस अग्रय, आईएनएस दूनागिरी और आईएनएस संशोधक को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर नौसेना प्रमुख तथा वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री ने रिबन काटकर तीनों जहाजों का औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल किया।



आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने नौसेना और इन अभियानों से जुड़े वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और श्रमिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि दुनिया इस बात की गवाह है कि समुद्री क्षमताओं के बिना कोई भी देश बड़ी ताकत नहीं बन सकता क्योंकि विकास, सुरक्षा और समृद्धि समुद्र से जुड़े हैं। आज दुनिया का ज्यादातर व्यापार समुद्र के रास्ते होता है और दुनिया को जोड़ने वाले डेटा के विशाल नेटवर्क भी समुद्र के नीचे से गुजरते हैं। भविष्य में जरूरी खनिज, गहरे समुद्र के संसाधन और ऊर्जा के नए स्रोत भी समुद्र से ही जुड़े होंगे। इस बीच कार्यक्रम में तीनों सैन्य जहाजों के नौसेना में आधिकारिक प्रवेश के समय पारम्परिक बिगुल ध्वनि के साथ राष्ट्रीय ध्वज और नौसेना के ध्वज को फहराया गया।

## झारखंड के 67 केन्द्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न

नीट यूजी 2026 पुनर्परीक्षा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट यूजी 2026 पुनर्परीक्षा रविवार को झारखंड के 67 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। राजधानी रांची में सर्वाधिक 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए. परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं के व्यापक इंतजाम किए गए थे। जिला प्रशासन की ओर से सभी परीक्षा केंद्रों पर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई। इसके साथ ही महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों को भी सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई. परीक्षा केंद्रों के बाहर विशेष निगरानी रखी गई ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या गड़बड़ी की स्थिति उत्पन्न न हो।

अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केंद्रों पर प्रवेश, पहचान सत्यापन और ● शेष पृष्ठ 11 पर

## तमिलनाडु की सीफूड फैक्ट्री में अमोनिया गैस लीक, सात महिलाओं समेत 10 मजदूरों की मौत

एजेंसी

**चेन्नई :** पेरियापालयम के पास स्थित एक फैक्टरी में अमोनिया गैस रिसाव होने से सात महिलाओं समेत 10 मजदूरों की मौत हो गयी है। महिलाओं की मौत पहले ही हो गयी, लेकिन चेन्नई के स्टेनली अस्पताल में तीन और मजदूरों की मौत होने से अब इस हादसे में मरनेवालों की संख्या 10 हो गयी है। तमिलनाडु सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को 02 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गयी है। साथ ही, अस्पतालों में भर्ती कर्मचारियों के इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।



तिरुवल्लूर जिले के पेरियापालयम के पास एक झींगा प्रसंस्करण (श्रिम्प प्रोसेसिंग) फैक्ट्री संचालित हो रही है। इसमें बड़ी संख्या में श्रमिक कार्यरत हैं। इसी दौरान 21 जून की सुबह जब श्रमिक काम कर रहे थे, तभी अचानक अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। इसके कारण कई श्रमिकों को सांस लेने में तकलीफ होने लगी।

## कार्टून कोना




## पुलिस-पीएलएफआई उग्रवादियों में मुठभेड़, एरिया कमांडर सहित सात उग्रवादी गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**खूंटी :** झारखंड के खूंटी जिले में उग्रवाद विरोधी अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के एरिया कमांडर श्रवण दास को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से अवैध हथियार, कारतूस, संगठन से जुड़े दस्तावेज, प्रचार सामग्री और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये हैं।

पुलिस के अनुसार, हथियारों की बरामदगी के लिए ले जाने के दौरान उसने भागने का प्रयास किया और पुलिस दल पर फायरिंग कर दी, जिसके बाद हुई जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया। वर्तमान में उसका इलाज रांची के रिम्स अस्पताल में चल रहा है।

खूंटी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ऋषभ गर्ग ने रविवार को जरियागढ़ थाना क्षेत्र के इंदवन में आयोजित प्रेस वार्ता में पूरी कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य श्रवण दास अलंकेल से सुंदारी रोड पर अपने कुछ सहयोगियों के साथ क्षेत्र में किसी बड़ी उग्रवादी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। सूचना को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस ने विशेष छापेमारी दल का गठन किया और संभावित ठिकानों पर निगरानी बढ़ा दी।

एसपी ने बताया कि तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर श्रवण दास और उसके सात साथियों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से हथियार और कारतूस बरामद किये गये। गिरफ्तार आरोपितों में श्रवण दास उर्फ फगुवा दस, ग्राम निचितपुर, रनिया निवासी, सुदर्शन सोय उर्फ सुधीर सोय जामदा मुरहू, सलीम बोदरा उर्फ रोड़े, जिलंगबरु तपकरा, सामू डोडराय कुटम जरिया, विष्णु मांझी कुटाम जरिया, चर्चित गुड़िया हुजूर तपकरा और उमर खान सिलमा कर्रा शामिल हैं। प्रारम्भिक पूछताछ में श्रवण दास ने स्वीकार किया कि उसने संगठन के उपयोग के लिए कुछ अतिरिक्त हथियार और गोला-बारूद विभिन्न स्थानों पर छिपा कर रखे हैं।



इसके बाद पुलिस टीम उसे उसकी निशानदेही पर हथियारों की बरामदगी के लिए जरियागढ़ थाना क्षेत्र के इंदवन जंगल लेकर गती। वहां से छिपा कर रखे गये हथियारों और अन्य सामग्री को बरामद किया गया। इसी दौरान श्रवण दास ने मौके का फायदा उठा कर पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की। पुलिस के अनुसार भागने के क्रम में उसने एक सब-इंस्पेक्टर की सरकारी पिस्तौल छीन ली और पुलिस दल पर गोली चला दी।

अचानक हुई इस घटना से वहां तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गयी। पुलिस ने पहले उसे आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, लेकिन उसके नहीं मानने और लगातार खतरा पैदा करने पर आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। इस दौरान श्रवण दास के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस टीम ने तत्काल उसे अपने कब्जे में लेकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया और बाद में बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए रांची स्थित राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस अभियान के दौरान कुल चार छोटे हथियार और 29 कारतूस बरामद किये गये हैं। बरामद कारतूसों में पिस्तौल और देसी कट्टे में इस्तेमाल होनेवालीं गोलियां शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पीएलएफआई संगठन से जुड़े पर्चे, प्रचार सामग्री और एक महत्त्वपूर्ण डायरी भी जब्त की गयी है। पुलिस का मानना है कि बरामद दस्तावेज संगठन के नेटवर्क, वित्तीय गतिविधियों, लेवी वसूली तंत्र और सक्रिय सदस्यों के बारे में महतत्वपूर्ण ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### 5159वें माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिवस व महेश नवमी महोत्सव पर रक्तदान शिविर



**रांची** : 5159वें माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिवस एवं महेश नवमी महोत्सव के अवसर पर रांची स्थित गणेश नारायण साबू चौक के माहेश्वरी भवन में विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रक्तदान शिविर और स्कूटोथोन प्रतियोगिता से हुआ। नागरमल मोदी सेवा सदन के एसोसिएट मधुसूदन ट्रस्ट ब्लड सेंटर के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संयोजक विपिन भाला, दिनेश काबरा, नीतेश सारडा, सरला चितलांगिया एवं सीमा मालपानी ने बताया कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है, जिससे अनेक जरूरतमंदों को नया जीवन मिलता है। शिविर में कुल 142 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। श्रेयस मंत्री, उन्नभ राज और तन्मय मंत्री ने पहली बार रक्तदान किया, जबकि आठ महिलाओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

### संग्रामपुर-कुम्हारिया पथ निर्माण कार्य का संजय सेठ ने किया शिलान्यास



**रांची** : कांके विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संग्रामपुर-कुम्हारिया पथ के निर्माण कार्य का आज 22.36 करोड़ की लागत से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शिलान्यास किया। यह सड़क परियोजना क्षेत्र की बेहतर संपर्क व्यवस्था, सुगम आवागमन एवं समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी। इस अवसर पर कांके के विधायक सुरेश बैठा, ग्रामीण जिला पश्चिम के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, मंडल अध्यक्ष सुकेश तिवारी, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन राम, प्रमुख सोमनाथ मुंडा, अजय बैठा, किरण देवी, अजय उरांव, सुनीता देवी, मनोज साहू, प्रभात भूषण, रितेश तिवारी एवं गोपाल महतो सहित अनेक जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### रांची महानगर की प्राचीनतम धार्मिक संस्था श्री श्याम मण्डल की आम सभा



**रांची** : रांची महानगर की प्राचीनतम धार्मिक संस्था श्री श्याम मण्डल की आम सभा सत्र 2026-2028 के निर्वाचन हेतु अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर के सभागार में दिनांक 21 जून 2026 को सम्पन्न हुई। सभा में बड़ी संख्या में मण्डल के सदस्य उपस्थित थे। सर्व प्रथम सामूहिक श्री श्याम वन्दना की गई। अध्यक्ष श्री चन्द्र प्रकाश बागला ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कहा की श्री श्याम प्रभु की असीम कृपा से विगत 59 वर्षों से श्री श्याम प्रभु की वन्दना करते हुए श्री श्याम मण्डल धर्म प्रचार व नर-नारायण सेवा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की आकांक्षा है। मंत्री श्री धीरज बंका ने मण्डल के कार्यों का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए वार्षिक प्रतिवेदन सभा के समक्ष प्रस्तुत किया।

### वैश्य मोर्चा की बैठक में निर्णय



**रांची** : कांके स्थित हीरानाथ साहु के आवासीय कार्यालय में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा, केंद्रीय समिति के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गयी। 1 जुलाई को रांची के आलोका सभागार में आयोजित होने वाले डॉ. वी.पी. केशरी की जयंती सह विचार गोष्ठी की तैयारी को लेकर यह बैठक रखी गयी थी. इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया, जबकि संचालन केंद्रीय महासचिव आदित्य नारायण प्रसाद ने किया। बैठक में चर्चा करते हुए कहा गया कि झारखंड आंदोलन को बौद्धिक दिशा प्रदान करते हुए डॉ. वी.पी. केशरी ने मुकाम तक पहुंचाने का काम किया, लेकिन अलग राज्य बनने के बाद उनको पूरी तरह भूला दिया गया है। यह काफी दुख की बात है। 1 जुलाई को रांची में आयोजित जयंती और विचार गोष्ठी के माध्यम से डॉ. केशरी के योगदान को याद किया जायेगा और उसके बाद सरकार को उचित एवं सकारात्मक पहल के लिए ज्ञापन के रूप में सौंपा जायेगा।

## बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारा में जेल अदालत का हुआ आयोजन

# न्यायालय के समक्ष रखे गये 45 बंदियों के आवेदन

- 02 बंदियों को किया गया रिहा
- स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन कर की गयी बंदियों के स्वास्थ्य की जांच




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा सदस्य सचिव, झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची, अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार, रांची में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। ज्ञत हो कि माननीय न्यायालयों में लंबित वादों के निष्पादन के निमित बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार, रांची में संसीमित 45 बंदियों का आवेदन जेल अदालत हेतु समर्पित किया गया था। 02 बंदी को जेल अदालत का लाभ प्रदान करते हुए रिहा किया गया। जेल अदालत के अवसर पर बिरसा मुण्डा केंद्रीय कारा में विधिक जागरूकता कार्यक्रमा का आयोजन किया गया एवं बंदियों को नालसा एवं झालसा के योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। बंदियों के स्वास्थ्य के जांच के लिए चिकित्सीय शिविर लगाकर बंदियों के स्वास्थ्य की जांच भी गयी। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं डालसा सचिव ने कहा कि समय-समय पर बंदियों के लिए जेल में चिकित्सीय शिविर लगाकर बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की जानी चाहिए, जिससे कि वे स्वस्थ और निरोग रहे एवं ससमय उनके बीमारियों को चिन्हित कर उनका समुचित ईलाज किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एस.बी. शर्मा, डालसा सचिव, राकेश रौशन, न्यायिक दण्डाधिकारी,मयंक मलियाज, मनीष कुमार सिंह, अमित गुप्ता एवं रेलवे न्यायिक दण्डाधिकारी, बिजय कुमार यादव, एलएडीसी के सदस्यगण, काराधीक्षक कुमार चन्द्रशेखर, कारापाल, लवकुश कुमार, बाड़ा बाबु, मो. सद्दाम हुसैन, बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार, रांची के काराकर्मी एवं बंदीगण उपस्थित थे।

## श्रीमद्भागवत कथा में नामकरण व बाल चरित्र प्रसंग का हुआ भावपूर्ण वर्णन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रातू** : एतवार बाजार स्थित राधा कृष्ण अपार्टमेंट एवं बैंक्विट हॉल, सिद्धिविनायक मंदिर के समीप आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक अनुराग कृष्ण जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के नामकरण संस्कार एवं बाल चरित्र का मार्मिक वर्णन किया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथावाचन के दौरान महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं मानव जीवन को प्रेम, भक्ति, करुणा और सदाचार का संदेश देती हैं। उन्होंने नामकरण संस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कारों से ही व्यक्ति के जीवन का निर्माण होता है। कथा के दौरान भजनों और कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु कथा सुनकर भाव-विभोर हो उठे तथा भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से कथा स्थल गूंज उठा। कार्यक्रम के आयोजक पंचम सिंह ने बताया कि कथा महोत्सव में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। कथा के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

## जेल की सलाखों के पीछे योग का संकल्प 25,000 बंदियों ने किया सामूहिक योग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा सदस्य सचिव, झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची, अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कांफ्रेष हॉल, 40 कोर्ट्स बिल्डिंग, व्यवहार न्यायालय, रांची में मनाया गया। इस अवसर पर मेम्बर सेक्रेटरी, झालसा, सुश्री कुमारी रंजना अस्थाना, न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा-1, न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय एवं व्यवहार न्यायालय, रांची के सभी अपर न्यायायुक्त, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी तथा व्यवहार न्यायालय, रांची के कर्मचारीगण, मध्यस्थगण, अधिवक्तागण, मीडियाकर्मी एवं अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन डालसा सचिव द्वारा किया गया। अपने मुख्य संबोधन में मेम्बर सेक्रेटरी सुश्री रंजना अस्थाना ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और मस्तिष्क का विकास होता है। प्राचीन काल से ही योग का प्रादुर्भाव हुआ है। योग शरीर को स्वस्थ रखने का सबसे अच्छा माध्यम है। आज अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर झारखण्ड के वृद्धा आश्रम, प्रोबेशन होम एवं शेल्टर होम में रह रहे लोग वर्चुअल माध्यम से जुड़कर योगाभ्यास किया। न्यायायुक्त श्री अनिल कुमार मिश्रा-1 ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए योग करना आवष्यक है। नित्य योग करने से कई रोगों से बचा जा सकता है। यह योगाभ्यास कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची एवं आर्ट-ऑफ-लिविंग के सहयोग से सम्पन्न हुआ। योगाभ्यास कार्यक्रम मध्यस्थ एवं प्रशिक्षक श्री पंचानन सिंह के द्वारा कराया गया। श्री पंचानन सिंह के द्वारा उपस्थित लोगों को योग के विभिन्न मुद्राओं के बारे में बताया गया और उन्होंने यह बताया कि आर्ट-ऑफ-लिविंग राज्य भर में योगाभ्यास का कार्यक्रम विभिन्न स्थानों में आयोजित किया गया है। ज्ञात हो कि आज आयोजित होनेवाली अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जेल के सलाखों के पीछे लगभग 25,000 बंदियों ने किया सामुहिक योग।

## घुटना और कूल्हा प्रत्यारोपण मरीजों ने रिकवरी की प्रेरणादायक कहानियां साझा की

# पारस एचईसी हॉस्पिटल की स्ट्राइड ऑफ चैम्पियंस बनी प्रेरणा का मंच



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : पारस एचईसी हॉस्पिटल, रांची के तत्वावधान में रविवार को होटल रमाडा में आयोजित 'स्ट्राइड ऑफ चैंपियंस' कार्यक्रम में घुटना प्रत्यारोपण (टोटल नी रिप्लेसमेंट) और कूल्हा प्रत्यारोपण (टोटल हिप रिप्लेसमेंट) सर्जरी करा चुके मरीजों ने रैंप वॉक कर अपने आत्मविश्वास और नई जिंदगी का परिचय दिया। इस विशेष आयोजन में पारस हेल्थ के ऑथोर्पेडिक सर्जन डॉ. विवेक डेविड एवं उनकी टीम की देखरेख में सफल सर्जरी करा चुके मरीजों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने बताया कि आधुनिक चिकित्सा तकनीक, विशेषज्ञ उपचार और नियमित पुनर्वास की मदद से सर्जरी के बाद भी सामान्य, सक्रिय और आत्मनिर्भर जीवन जिया जा सकता है। रैंप वॉक के दौरान मरीजों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और रिकवरी की प्रेरणादायक कहानियां साझा कीं। इस अवसर पर डॉ. विवेक डेविड ने कहा कि घुटना और कूल्हा प्रत्यारोपण केवल एक सर्जरी नहीं, बल्कि मरीजों को नई जिंदगी देने की प्रक्रिया है। मंच पर मरीजों को आत्मविश्वास के साथ चलते देखना चिकित्सकों के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम उन लोगों के लिए प्रेरणा है, जो अब भी सर्जरी को लेकर संशय में हैं। हॉस्पिटल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य घुटना और कूल्हा प्रत्यारोपण सर्जरी को लेकर लोगों के मन में व्याप्त भय, संकोच और भ्रांतियों को दूर करना है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिभागियों ने यह साबित कर दिया है कि उचित इलाज और देखभाल से मरीज न केवल सामान्य जीवन में लौट सकते हैं, बल्कि पहले की तरह सक्रिय और आत्मनिर्भर भी बन सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान मरीजों और उनके परिजनों ने चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन में उपस्थित लोगों ने रैंप वॉक में शामिल प्रतिभागियों के उत्साह, आत्मविश्वास और जज्बे की सराहना की।

## आदिवासी धार्मिक व सांस्कृतिक स्थल पर बाउंड्री निर्माण का विरोध, फर्जी दस्तावेज के जरिये जमीन हड़पने की कोशिश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राजधानी रांची में अवैध जमीन कब्जा और फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से भूमि हड़पने के मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। आरोप है कि शहर के कई क्षेत्रों में आदिवासियों की धार्मिक एवं खेतीहर जमीनों पर गैर-आदिवासियों द्वारा कब्जे की कोशिश की जा रही है। ताजा मामला कोकर स्थित गुरगुट मैदान का है, जहां आदिवासी समाज की धार्मिक जतरा एवं धुमकुड़िया से जुड़ी जमीन पर कथित रूप से रात के अंधेरे में बाउंड्री निर्माण कर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि कुछ जमीन माफिया जबरन बाउंड्री निर्माण का कार्य करा रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता अजय तिर्की ने बताया कि प्लॉट संख्या 118 एवं 121 आदिवासी समुदाय की जमीन है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग फर्जी एवं डुप्लीकेट दस्तावेज तैयार कर स्वयं को जमीन का मालिक बताकर भोले-भाले आदिवासियों की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं।

## आजसू पार्टी के 41वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर छात्र आजसू ने निर्मल महतो चौक में की दीप प्रज्वलित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : आजसू के 41वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर छात्र आजसू के तत्वावधान में रांची स्थित निर्मल महतो चौक पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र आजसू के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर संगठन के गौरवशाली इतिहास, संघर्ष और झारखंडी अस्मिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने आजसू आंदोलन के प्रेरणास्रोत एवं झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेताओं के योगदान को स्मरण करते हुए उनके सपनों के अनुरूप राज्य के सर्वांगीण विकास और युवाओं के सशक्तिकरण का संकल्प लिया। निर्मल महतो चौक पर दीप प्रज्वलित कर संगठन के 41 वर्षों की संघर्षशील यात्रा को नमन किया गया। छात्र आजसू के नेताओं ने कहा कि आजसू पार्टी ने अपने स्थापना काल से ही झारखंड के हक, अधिकार, पहचान और युवाओं के भविष्य के लिए निरंतर संघर्ष किया है। संगठन का 41वां स्थापना दिवस कार्यकताओं के लिए नए उत्साह, ऊर्जा और संकल्प का अवसर है। छात्र आजसू आने वाले समय में छात्र-युवा हितों, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय के मुद्दों को और मजबूती से उठाने का कार्य करेगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा झारखंड के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## हरिदेव सेवा संघ ने किया संत मिखाईल नेत्रहीन विद्यालय, बहु बाजार, चुटिया में नि:शुल्क फल वितरण




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : हरिदेव सेवा संघ के तत्वाधान में रविवार,को संत मिखाईल नेत्रहीन विद्यालय बहू बाजार, चुटिया में नेत्रहीन बच्चों में फल वितरण किए गए। फलों में आम, नाशपाती, जामुन, केला, और खीरा बांटा गया, इस अवसर पर बच्चों ने सर्वप्रथम आशीर्वचन के तौर पर विशेष सुमधुर प्रार्थना की। संस्था के संचालक संजीत कुमार साहू ने कहा कि हरिदेव सेवा संघ समाज के जरूरतमंद एवं वंचित लोगों की सेवा के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और समाज के सभी लोगों को ऐसे सेवा कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। आज के कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक सह संचालक संजीत कुमार साहू, अरुण चावला, फातिमा खातून, भोला प्रसाद,प्रीतम सिंह, पवन बरनवाल, चन्दन सोनी, कार्तिक, उज्जवल, जयेश, आयुष, अमर आदि ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# सेवन स्टार्स अकादमी, हेहल रांची में उत्साहपूर्वक मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सीबीएसई से सम्बद्ध वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेवन स्टार्स एकादेमी, हेहल रांची में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं प्रेरणादायक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया तथा योग के विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं योग के महत्त्व पर प्रकाश डालने के साथ किया गया। विद्यालय के प्रशिक्षकों एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, त्रिकोणासन, पद्मासन सहित विभिन्न योगासन तथा अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं ध्यान का अभ्यास किया। विद्यार्थियों ने अनुशासन, एकाग्रता एवं उत्साह के साथ योगाभ्यास कर सभी उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास का भी सशक्त माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत एवं जीवन संतुलित रहता है। वर्तमान समय में बढ़ते तनाव एवं प्रतिस्पर्द्धा के बीच योग स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का सर्वोत्तम साधन है। विद्यालय के निदेशक डॉ. बिन्देश्वर बेक ने अपने संदेश में कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग एवं ध्यान को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए, ताकि वे शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से सशक्त एवं नैतिक रूप से जागरूक नागरिक बन सकें। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। विद्यालय में समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं, जिससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिले।

## एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल में हुआ विशेष योग-ध्यान



**रांची** : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एस्कॉट इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को एक विशेष योग-ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योगासन, प्राणायाम और ध्यान के अभ्यास के माध्यम से सभी ने न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का अनुभव किया, बल्कि मानसिक शांति और आत्मबल को भी महसूस किया। मौके पर प्राचार्य शादान आलम ने कहा कि 'योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का साधन नहीं है, बल्कि यह मन और आत्मा को भी संतुलित करता है।' वहीं, सचिव अनुज कुमार हेम्ब्रम ने कहा कि 'सभी को अपने दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए। हमारा विद्यालय चाहता है कि हर बच्चा योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाये और आत्मविश्वास तथा अनुशासन के साथ आगे बढ़े।'

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में विशेष योग शिविर आयोजित



**रांची** : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर परम पूज्य डॉ. संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज जी के पावन सानिध्य में एम.आर.एस. श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम स्थित श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर परिसर में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य निराश्रित, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में निवास कर रहे 50 से अधिक निराश्रित, असहाय एवं जरूरतमंद प्रभुजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षक अरविंद पांडेय ने सभी को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी।

## शारदा ग्लोबल स्कूल में 'योग दिवस' के अवसर पर योग कार्यशाला का आयोजन



**रांची** : शारदा ग्लोबल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया तथा योग के महत्व से अवगत कराया गया। योग दिवस वास्तव में हमारे देश के लिए गर्व का विषय है, क्योंकि योग भारत की सदियों पुरानी अमूल्य देन है, जिसे आज पूरे विश्व ने अपनाया है और इसके महत्व को समझा है। वर्ष 2026 के योग दिवस की थीम 'स्वस्थ मन एवं शरीर के लिए योग' है। योग शरीर, मन एवं आत्मा को परस्पर जोड़ने का माध्यम है। विद्यार्थियों के लिए योग एक वरदान के समान है, जिसके नियमित अभ्यास से मन शांत तथा एकाग्र होता है और शरीर स्वस्थ एवं सशक्त बनता है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन धूमधाम से सम्पन्न



**रांची** : झारखंड ओलम्पिक एसोसिएशन एवं रांची जिला ओलम्पिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आज बिरसा मुंडा स्टेडियम स्थित वुशु हॉल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। अत्यंत शानदार ढंग से आयोजित इस कार्यक्रम में रांची जिले के जिम्नास्टिक, वुशु, एथलेटिक्स, लॉन बॉल्स, नेटबॉल, ताइक्वांडो, हैंडबॉल एवं योग के खिलाड़ियों के साथ-साथ विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर रांची जिला ओलम्पिक एसोसिएशन एवं झारखंड ओलम्पिक एसोसिएशन के पदाधिकारी भी योगाभ्यास में सक्रिय रूप से शामिल रहे। इस अवसर पर झारखंड ओलम्पिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र नाथ दुबे, निशिकांत पाठक, चंचल भट्टाचार्य, उदय साहू, संजय झा, शब्बीर हुसैन, शैलेन्द्र दुबे, तूलिका श्रीवास्तव, रजनी बक्सी, डॉ. दीपक कुमार, गोविन्द झा, उत्तम राज, विष्णु कुमार एवं अनंत नाग चन्दन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## योग, व्यायाम, प्राणायाम जीवन के लिए बहुत उपयोगी हैं : डॉ. रामदेव प्रसाद



**रांची** : विश्व योग दिवस समारोह मनाया गया। इसमें बहुत बुजुर्ग वरिष्ठ योगाचार्य महाशय डाक्टर रामदेव प्रसाद जी 88 वर्ष के सानिध्य में मनाया गया। शुभारंभ गायत्री महामंत्र के सस्वर पाठ, गुरु-ईश ध्यान वन्दना से हुआ। इस क्रम में सबके लिए स्वस्थ-सुखद जीवन के सहज सुलभ आसन, व्यायाम, प्राणायाम पर अपेक्षित लाभ बताते हुए अनेक प्रकार का योगासन अभ्यास क्रम कराये। अ से आ तक के एक नये क्रम में पैर की अंगुली से लेकर आंख तक का अभ्यास कराया। शरीर के मांस पेशियों को वार्म अप कराया और पैरों की अंगुली की तकलीफ,दर्द से लेकर पंजों, घुटनों, कमर, कलाई, कोहनी, कन्धा, छाती, गर्दन, जबड़ा, मुँह,पेट दर्द निवारण, गैस आदि में राहत,दांत, कान, जीभ, सिर आँख, गाल, चेहरा आदि सभी के सही संचालन, स्वस्थ-सुखद तन-मन के लिए लाभदायक आसनों की चर्चा कर बताए ,कराए।इसके बाद प्राणायाम,आर्ट ऑफ लिविंग, पतंजलि योग की चर्चा करके इड़ा, पिंगला, सुषुम्ना, नाड़ियों की गतिविधि,पूरक, कुंभक,रेचक , प्राणाकर्षक, प्राणायाम का असंदिग्ध लाभ, सावधानी पूर्वक अभ्यास का पुट, सूत्र की चर्चा कर कराया।

## गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कांके के प्रशिक्षु शिक्षकों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 में बढ़-चढ़ कर लिया भाग



**रांची** : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के मोराबादी परिसर स्थित दीक्षांत मंडप में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित योग कार्यक्रम में गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कांके, रांची के प्रशिक्षु शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस कार्यक्रम में सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची, मारवाड़ी कॉलेज, रांची, डोरंडा कॉलेज, रांची सहित रांची विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों से विद्यार्थी एवं शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। योग दिवस की थीम योगा फॉर हेल्दी एजिंग के अनुरूप प्रतिभागियों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय, रांची के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. किशोर सुरीन उपस्थित रहे।

## मार्गदर्शक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस व फादर्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**रांची** : मार्गदर्शक केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं फादर्स डे का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मार्गदर्शक के निदेशक राजेश पाण्डेय ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य बेहतर होता है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। निदेशिका श्रीमती कंचन पाण्डेय ने बच्चों को विभिन्न ब्रेन जिम एक्सरसाइज करवाईं और बताया कि इन गतिविधियों से एकाग्रता, स्मरण शक्ति एवं सीखने की क्षमता का विकास होता है। विशिष्ट वक्ता श्री अभिषेक सिन्हा ने बच्चों को कर्मयोग के महत्व से अवगत कराया तथा उपस्थित पिताओं को कम समय में किए जा सकने वाले प्रभावी योगाभ्यासों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन अर्चित द्वारा किया गया। उन्होंने पिता एवं बच्चों के लिए मनोरंजक खेलों, क्विज तथा विभिन्न सहभागितापूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया, जिससे सभी प्रतिभागियों ने भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने-अपने पिताओं के लिए शुभकामना कार्ड बनाए तथा अपने पिता से मिली प्रेरणादायक सीख और जीवन मूल्यों को साझा किया।

## सम्पादकीय.....

# दल-बदल विरोधी कानून

**भारतीय** लोकतंत्र की सफलता का आधार केवल नियमित चुनाव नहीं, बल्कि निर्वाचित प्रतिनिधियों की जवाबदेही, राजनीतिक स्थिरता और जनादेश के प्रति निष्ठा भी है। संसद और विधानसभाएँ जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं तथा इन संस्थाओं की स्थिरता लोकतांत्रिक शासन के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक है। किंतु भारतीय राजनीति में लंबे समय तक दल-बदल की प्रवृत्ति ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को गंभीर चुनौती दी। व्यक्तिगत लाभ, मंत्री पद, आर्थिक प्रलोभन अथवा राजनीतिक अवसरवाद के कारण निर्वाचित प्रतिनिधि बार-बार अपनी निष्ठा बदलते रहे, जिससे सरकारें गिरती रहीं और जनादेश का अपमान होता रहा। इसी समस्या के समाधान के लिए 1985 में संविधान के 52वें संशोधन द्वारा दसवीं अनुसूची के अंतर्गत दल-बदल विरोधी कानून लागू किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य निर्वाचित सदस्यों को राजनीतिक दलों के प्रति अनुशासित बनाए रखना तथा सरकारों की स्थिरता सुनिश्चित करना था। हालाँकि समय के साथ यह कानून स्वयं बहस का विषय बन गया है। एक पक्ष इसे राजनीतिक भ्रष्टाचार और अवसरवाद के विरुद्ध आवश्यक सुरक्षा कवच मानता है, जबकि दूसरा पक्ष तर्क देता है कि यह सांसदों और विधायकों की स्वतंत्र सोच तथा अंतरात्मा के आधार पर निर्णय लेने की क्षमता को सीमित करता है। इस प्रकार दल-बदल विरोधी कानून भारतीय लोकतंत्र में स्थिरता और स्वतंत्रता के बीच संतुलन की जटिल बहस को जन्म देता है। दल-बदल की समस्या स्वतंत्रता के बाद के दशकों में तेजी से बढ़ी। 1967 के आम चुनावों के बाद अनेक राज्यों में विधायकों ने बड़े पैमाने पर दल बदले। उस समय 'आया राम, गया राम' शब्दावली भारतीय राजनीति का प्रतीक बन गई। हरियाणा के विधायक गया लाल द्वारा एक ही दिन में कई बार दल बदलने की घटना ने इस समस्या की गंभीरता को उजागर किया। इसके परिणामस्वरूप सरकारें अस्थिर हुई, राजनीतिक नैतिकता कमजोर हुई और जनता का लोकतांत्रिक संस्थाओं पर विश्वास कम होने लगा। इसी पृष्ठभूमि में दल-बदल को नियंत्रित करने की आवश्यकता महसूस हुई। दसवीं अनुसूची के अनुसार यदि कोई निर्वाचित सदस्य स्वेच्छा से अपनी पार्टी की सदस्यता छोड़ देता है या पार्टी व्हिप के विरुद्ध मतदान करता है अथवा मतदान से अनुपस्थित रहता है, तो उसे अयोग्य ठहराया जा सकता है। स्वतंत्र सदस्य किसी दल में शामिल नहीं हो सकता और मनोनीत सदस्य भी निर्धारित अवधि के बाद किसी राजनीतिक दल में शामिल होने पर अयोग्य घोषित किया जा सकता है। अयोग्यता का निर्णय सदन के अध्यक्ष या सभापति द्वारा लिया जाता है। इस कानून के समर्थकों का तर्क है कि भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में इसकी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सबसे पहले, इसने सरकारों की स्थिरता को मजबूत किया है। यदि निर्वाचित प्रतिनिधि व्यक्तिगत लाभ के लिए बार-बार दल बदलते रहें, तो सरकारें निरंतर संकट में रहेंगी और प्रशासनिक निर्णय प्रभावित होंगे। दल-बदल विरोधी कानून ने इस प्रवृत्ति पर कुछ हद तक अंकुश लगाया है। दूसरे, यह कानून राजनीतिक भ्रष्टाचार को कम करने का प्रयास करता है। अक्सर दल-बदल मंत्री पद, धन अथवा अन्य लाभों के लिए किया जाता है। ऐसे अवसरवादी व्यवहार से लोकतांत्रिक मूल्यों को क्षति पहुँचती है। कानून का भय कम से कम खुले तौर पर होने वाले राजनीतिक सौदों को सीमित करता है। तीसरे, यह जनादेश की रक्षा करता है। मतदाता प्रायः किसी उम्मीदवार को उसके दल, विचारधारा और चुनावी घोषणापत्र के आधार पर चुनते हैं। यदि निर्वाचित सदस्य बाद में दल बदल लेता है, तो वह मतदाताओं के विश्वास को ठेस पहुँचाता है।

## ● किसने क्या कहा



आधुनिकता और परंपरा के संतुलन से ही देश का समग्र विकास संभव

**द्रौपदी मुर्मू**
राष्ट्रपति



योग भारत की ओर से मानवता को मिला अमूल्य उपहार, इसे जीवन का हिस्सा बनायें

**सीपी राधाकृष्णन**
उपराष्ट्रपति

# मनुष्य के चित्त का भटकाव रोकता है योग

विशेष | **अरुण कुमार दीक्षित**



> श्रीकृष्ण कहते हैं कर्म तुम्हें करना है। तुम फल क्या आएगा इस निष्कर्ष में न पड़ो। श्रीकृष्ण कहते हैं 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मां फलेषु कदाचन:' तुम्हारा अधिकार कर्म करने का ही है। परिणाम पर तुम्हारा अधिकार नहीं है। परिणाम में तुमसे संबंध नहीं है। तुम फल से असंबद्ध ही रहो। वे आगे कहते हैं 'मा कर्मफलहेतुर्भ' तुम स्वयं को अपने कर्मों फलों का कारण मत जानो। वह निष्काम कर्म की बात कर रहे हैं। वे कह रहे हैं फल की ओर ध्यान न देकर पूरी शक्ति कर्म पर लगा दो। यहां यह भी लगता है कि जब पूरी शक्ति किसी कर्म में लगेगी तो बहुत संम्भव है परिणाम अच्छा आएगा। गीता में योग के विषय में कहा गया है कि जीव का परमात्मा के साथ जो सम्बंध है वह योग है।

**योग** का अर्थ जोड़ होता है। योग व्यक्ति के अन्तस का रसायन शास्त्र परिवर्तित कर देता है। योग से व्यक्ति के अंदर प्रेम रस के स्त्रोत आने लगते हैं। नई चेतना आने लगती है। ऊर्जा से मनुष्य भर जाता है। व्यक्ति अप्रेम से प्रेम की ओर उन्मुख हो जाता है। व्यक्ति द्वैत से अद्वैत की यात्रा में आ जाता है। ऐसा योगी जन कहते आए हैं। हमारे जैसों ने हमने योग किया। अमुक ने योग किया। कुछ घटित नहीं हुआ। फलित नहीं हुआ। हम तत्काल निष्कर्ष पर जाते हैं। हमें वह नहीं हो रहा जो शास्त्रों में बताया गया है। श्रीकृष्ण कहते हैं कर्म तुम्हें करना है। तुम फल क्या आएगा इस निष्कर्ष में न पड़ो। श्रीकृष्ण कहते हैं 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मां फलेषु कदाचनः' तुम्हारा अधिकार कर्म करने का ही है। परिणाम पर तुम्हारा अधिकार नहीं है। परिणाम में तुमसे संबंध नहीं है। तुम फल से असंबद्ध ही रहो। वे आगे कहते हैं 'मा कर्मफलहेतुर्भ' तुम स्वयं को अपने कर्मों फलों का कारण मत जानो। वह निष्काम कर्म की बात कर रहे हैं। वे कह रहे हैं फल की ओर ध्यान न देकर पूरी शक्ति कर्म पर लगा दो। यहां यह भी लगता है कि जब पूरी शक्ति किसी कर्म में लगेगी तो बहुत संम्भव है परिणाम अच्छा आएगा। गीता में योग के विषय में कहा गया है कि जीव का परमात्मा के साथ जो सम्बंध है वह योग है। वस्तु व्यक्ति क्रिया, पदार्थ, घटनाओं वस्तुओं आदि के सम्बंध भोग है। योग नित्य और भोग अनित्य है।

पतंजलि श्रीकृष्ण के बाद हुए। पतंजलि योगाश्चितवृत्ति निरोध की देशना में है। पतंजलि कहते हैं योग से मनुष्य के चित की वृत्तियों का निरोध हो जाता है। चित्त का भटकाव रुक जाता है। चित्त का व्यापार रुक सकता है। मगर पतंजलि का यह वक्तव्य बड़ा कठिन मालूम पड़ता है। योग में कैसे उतरा जाए। कोई योग का विद्यार्थी पहली सीढ़ी में क्या करे। यहाँ ध्यान रहे की बात चित्त वृत्ति के निरोध की हो रही है। रोकने की हो रही है। और हम जीवन व्यापार में लगातार उठते बैठते लगे रहते हैं। हम आँख बंद कर योग के लिए बैठते हैं हमको सब दृश्य लाभ-हानि के दिखाई देने लगते हैं। तभी संपत्ति भी दिखाई देने लगती है। यहाँ फिर वही बात है कि माया पीछा करती है। बड़ी कठिनाई है? योग से यह कठिनाई चली जाती है। और योग में उतरने के पहले ही यह कठिनाइयां योग में जाने नहीं देती हैं। जीवन के अनेक नए पुराने दृश्य दिखाई देने लगते हैं। जैसे ही आँख बंद कर बैठे वैसे जगत सामने नृत्य करता है। ज्ञानी जनो ने इसे माया कहा। कबीर ने कहा कि माया महाठगिनी हम जानी। लोग गुरुओं के पास जाते हैं वह व्यायाम को योग बताने लगते हैं। यह और झंझट है। योग में व्यायाम आ गया। व्यायाम और कसरत योग से भिन्न है। हाँ व्यायाम से शरीर हष्ट-पुष्ट बलिष्ठ बनता है। व्यायाम और आहार की शुद्धता आलस्य नही आने देते हैं। आहार ठीक नहीं तो शरीर खराब होगा। आहार उत्तेजक है या अधिक है तो शरीर मन दोनों उत्तेजना में रहेंगे। इसलिए शुद्ध आहार से शुद्ध विचार आते हैं। मगर चेतना का स्तर ऊर्ध्व नहीं होता है। योग बिलकुल अलग बात है।

पतंजलि योग की पहली सीढ़ी में कहते हैं। यम। यम के पांच अर्थ बताए गए हैं। पहला है अहिंसा। मन और वचन शब्दों से किसी को कष्ट न होने पाए। कोई आपसे दुखी न होने पाए। दूसरा है सत्य। अब यह और कठिन है। सत्य का व्यवहार करना है। दिन-रात झूठ के व्यवहार हैं। व्यापार भी हैं। राजनीति में दिनभर असत्य बोलने की कार्यवाही है। ईशावास्योपनिषद की एक ऋचा में कहा गया है, कि परम सत्य का मुँह हिरण्यमय स्वर्ण पात्र से ढंका है। उपनिषदों में सत्य (ब्रह्म) को निराकार अजन्मा कहा गया है। उपनिषद दार्शनिक और खोज पर जोर देते हैं। गीता में ज्ञान के साथ कर्म कर्तव्य पर जोर है। सत्य को ही बोला जाए सत्य को पहले ही जान लिया जाए। यहाँ फिर तब योग की आवश्यकता पर प्रश्न है। तीसरा है अस्तेय। चोरी न करना। किसी वस्तु की चोरी न करना। यहां चोरी न करना सनातन में निंदित रहा है। भारतीय संस्कृति में बुद्ध, महावीर, श्री अरविंद भी चोरी नहीं करने और अहिंसा पर जोर देते हैं। गांधी ने भी अहिंसा पर जोर दिया। यहाँ पतंजलि चोरी न करने की बात को भी योग से जोड़ते हैं। चित्त से जोड़ते हैं। चोरी न करना योग में उतरने में सहायक बता रहे हैं। अहिंसा को सत्य को चित्त की वृत्ति से जोड़कर योग में जाने का मार्ग वे प्रशस्त करते दिखाई देते हैं। फिर कहते हैं ब्रह्मचर्य। अपनी इंद्रियों को संयम में रखना। अपनी ऊर्जा को बचाकर रखना। इसके बाद है अपरिग्रह। अर्थात वस्तुओं को एकत्रित न करना। संग्रह न करना। यहाँ निर्मल चित्त योग की नदी पार करने की यात्रा में सहायक होगा। गीता में ही कृष्ण कह रहे हैं योग शारीरिक अभ्यास नहीं है। आत्मा और परमात्मा के मिलन के समभाव में रहकर अपना कर्तव्य निर्वाह ही योग है। गीता अध्याय 2 में श्लोक 48 में उन्होंने 'समत्वं योग उच्चते कहा है'। कृष्ण कहते हैं कि सफलता या असफलता की चिंता किए बिना समभाव में रहकर अपना कर्तव्य निर्वाह ही योग है। फिर वह कर्म योग की बात करते हैं। निष्काम कर्म को श्रेष्ठ कह रहें हैं। गीता में योग के तीन प्रमुख मार्ग बताए गए हैं। पहला कर्म योग निष्काम भाव से अपने कर्तव्यों का पालन करना। दूसरा भक्ति योग पूर्ण श्रद्धा और प्रेम के साथ ईश्वर की शरण में जाना। तीसरा है ज्ञान योग।

# महत्व, उद्देश्य, थीम और संरक्षण के उपाय

गौरतलब | **सुनील कुमार महला**



> आज स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार आज लॉगिंग (पेड़ों की कटाई), अवैध खनन, अनियंत्रित विकास तथा कृषि विस्तार के कारण हर मिनट लगभग 40 फुटबॉल मैदानों के बराबर वर्षावन नष्ट हो रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार पिछले 50 वर्षों में अकेले अमेजन वर्षावन का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा समाप्त हो चुका है।

**वर्षावनों** के संरक्षण तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 22 जून को विश्व वर्षावन दिवस (वर्ल्ड रेन फोरेस्ट डे) मनाया जाता है। वास्तव में, यह दिवस पृथ्वी के उन अमूल्य प्राकृतिक संसाधनों के महत्व को रेखांकित करता है, जो मानव जीवन, जैव-विविधता और जलवायु संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। आज स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार आज लॉगिंग (पेड़ों की कटाई), अवैध खनन, अनियंत्रित विकास तथा कृषि विस्तार के कारण हर मिनट लगभग 40 फुटबॉल मैदानों के बराबर वर्षावन नष्ट हो रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार पिछले 50 वर्षों में अकेले अमेजन वर्षावन का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा समाप्त हो चुका है। बहरहाल, यदि हम यहां पर इस दिवस के इतिहास की बात करें तो पाठकों को बताता चलूं कि विश्व वर्षावन दिवस की शुरूआत वर्ष 2017 में गैर-लाभकारी संस्था रेनफोरेस्ट पार्टनरशिप द्वारा की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य वर्षावनों के संरक्षण के लिए विश्वभर के लोगों, संगठनों और सरकारों को एक साझा मंच पर लाना था। तब से यह दिवस विश्व के अनेक देशों में पर्यावरण संरक्षण अभियानों, वृक्षारोपण कार्यक्रमों, संगोष्ठियों तथा जन-जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से मनाया जा रहा है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि वर्षावन पृथ्वी के सबसे समृद्ध और जैव-विविधता वाले पारिस्थितिक तंत्र हैं। यद्यपि वे पृथ्वी की भूमि का अपेक्षाकृत छोटा भाग घेरते हैं, फिर भी इनमें विश्व की लगभग आधी से अधिक वनस्पति एवं जीव प्रजातियाँ पाई जाती हैं। ये वातावरण से बड़ी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करके जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा पृथ्वी के जल-चक्र और वर्षा प्रणाली को संतुलित बनाए रखते हैं। लाखों आदिवासी और स्थानीय समुदाय अपनी आजीविका, संस्कृति और जीवन-निर्वाह के लिए वर्षावनों पर निर्भर हैं। इसके अतिरिक्त आधुनिक चिकित्सा में उपयोग होने वाली 25 प्रतिशत से अधिक दवाओं के तत्व वर्षावनों के पौधों से प्राप्त होते हैं, जिनमें अनेक कैंसर-रोधी औषधियाँ भी शामिल हैं। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को वर्षावनों के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा उनके संरक्षण के लिए वैश्विक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। यह सरकारों, संस्थाओं और नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करता है तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखने का संदेश देता है।

## आज का इतिहास

- सम्राट हुमायूं ने अपने बेटे अकबर को 1555 में अपने वारिस के रूप में घोषित किया।
- सिसाक की लड़ाई में ईसाइयों की सामुहिक सेना ने 1593 में उस्मानी तुर्कों (ऑटोमन) को हरा दिया।
- येल विश्वविद्यालय में डेल्टा कप्पा एप्सिलन सोसायटी की स्थापना 1844 में हुई।
- अमेरिकी कांग्रेस ने 1870 में संयुक्त राज्य अमेरिकी न्याय विभाग की स्थापना की।
- पुणे में चाफेकर बंधुओं ने 1897 में तत्कालीन जिलाधिकारी वाल्टर चार्ल्स रैण्ड की गोली मारकर हत्या कर दी।
- स्वीडन ने 1906 में राष्ट्रीय ध्वज अपनाया।
- नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने 1939 में कांग्रेस से अलग होकर फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की।
- जॉर्ज पंचम का 1911 में राजतिलक हुआ।
- द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी ने 1941 में सोवियत रूस पर आक्रमण किया।
- लिथुआनिया में 1941 को जून विद्रोह शुरू हुआ।
- अमेरिका ने 1944 में सेवानिवृत सैनिकों की मदद के लिए कानून बनाया।
- इंग्लैंड और भारत के बीच 1946 में लंदन के लॉडर्स क्रिकेट मैदान में पहला क्रिकेट टेस्ट मैच शुरू हुआ।
- ब्रिटिश सम्राट ने 1948 में इम्प्रेरर ऑफ इंडिया शीर्षक को त्यागा।
- भारत के सम्राट का खिताब 1948 में उनकी महामहिम, यूनाइटेड किंगडम के राजा का खिताब से हटा दिया गया है।
- तत्कालीन सोवियत रूस ने 1957 में पहली बार आर-12 मिसाइल का प्रक्षेपण किया।
- अमेरिकी संगीतज्ञ जॉन लेनन के हत्यारे ने 1981 में अपना अपराध कबूल किया।
- लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से वर्जिन अटलांटिक एयरवेज ने 1984 को पहली उड़ान भरी।
- ईरान में 2002 को आये भीषण भूकम्प में 500 से अधिक लोगों की मौत।




## कर्म से बना है वर्ण

**मेरे** द्वारा चार वर्णों की रचना गुण और कर्मों के हिसाब से की जाती है, फिर भी तू मुझे कभी न खत्म होना वाला और कर्मों के बंधन से मुक्ति ही जान ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार वर्ण हैं, अब ऐसा मान लेते हैं कि जो जिस घर में जन्म लेता है, वह उसी वर्ण का कहलाता है। जबकि वर्ण व्यवस्था गुण और कर्म के आधार पर शुरू हुई थी। पहले जब बच्चे को पढ़ाई के लिए गुरुकुल भेजा जाता था, तब तक वह किसी वर्ण का नहीं कहलाता था। वहां गुरु अपने शिष्यों की रुचि को जानकर उसके हिसाब से उन्हें पढ़ाते थे। वेदों को पढ़ने में रुचि लेने वालों को ब्राह्मण, युद्ध कला में महारथी को क्षत्रिय, व्यापार में रुचि वाले को वैश्य और सेवा भाव वाले को शूद्र की उपाधि दी जाती थी। इसके बाद वे समाज में उसी के हिसाब से काम करते थे। यही भगवान कह रहे हैं कि मैंने गुणों और कर्मों के आधार पर चार वर्णों की रचना की हैं, जिससे सभी मनुष्य कर्मों में लगे रहें। ये सब करते हुए भी तुम मुझे कभी न खत्म होने वाला और कुछ न करने वाला जानो। सब कुछ करते हुए भी भगवान कह रहे हैं कि मैं कुछ भी नहीं करता।

चिंतन मनन

## सुविचार

करुणा में शीतल अग्नि होती है, जो क्रूर से क्रूर व्यक्ति का हृदय भी आर्द्र कर देती है।
**सुदर्शन**

जैसे जल द्वारा अग्नि को शांत किया जाता है, वैसे ही ज्ञान द्वारा मन को शांत रखना चाहिए।
**वेदव्यास**

# भुखमरी के खिलाफ आखिर कब जंग जीतेगी दुनिया ?



**अरविंद रावल**

**आधुनिक** विज्ञान के इस युग में मानव ने अपने जीवन को सुखमय बनाने के लिए विलासिता की हर छोटी-बड़ी वस्तु का आविष्कार कर लिया है और जीवन को लगातार अधिक सुविधाजनक बनाता जा रहा है। लेकिन शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए पेट की भूख मिटाने वाली कोई चमत्कारी गोली आज तक नहीं खोजी जा सकी है। यही कारण है कि भोजन की आवश्यकता की पूर्ति के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म करना पड़ता है। आधुनिक विज्ञान के इस युग में जब हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, तब कृषि क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा। वैज्ञानिक तकनीकों और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने से दुनिया के अनेक देशों में फसलों की बंपर पैदावार हो रही है। इससे न केवल किसान समृद्ध हो रहे हैं, बल्कि देश भी आर्थिक रूप से मजबूत बन रहे हैं। किंतु यह विडंबना ही है कि खाद्यान्न उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि के बावजूद आज भी दुनिया के कई देशों में लोग भयावह भुखमरी के बीच जीवन जीने को मजबूर हैं। यह स्थिति किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को भीतर तक व्यथित कर देती है।

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार आधा दर्जन देशों में भुखमरी की स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि लोगों को एक समय का शुद्ध और पौष्टिक भोजन भी नसीब नहीं हो पा रहा है। विश्व के लगभग 50 देशों में करीब 30 करोड़ लोगों को एक वक्त का भोजन भी बड़ी मुश्किल से उपलब्ध हो पाता है और वे अक्सर खाली पेट रात गुजारने को विवश रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार दुनिया की लगभग 8.5 प्रतिशत आबादी, अर्थात करीब 70 करोड़ लोगों को भरपेट और पौष्टिक भोजन उपलब्ध नहीं हो पाता, जिसके कारण कुपोषण की समस्या लगातार विकराल रूप धारण करती जा रही है। दुनिया के अधिकांश देश विकसित, विकासशील और प्रगतिशील राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल होने की होड़ में लगे हुए हैं, लेकिन उनके भीतर युद्ध, अकाल, सूखा, अतिवृष्टि, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक असमानता और कमजोर खाद्य वितरण प्रणाली जैसी समस्याओं के कारण गरीबी, भुखमरी और कुपोषण लगातार बढ़ रहे हैं। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले भारत की स्थिति का आकलन भी वैश्विक भुखमरी सूचकांक 2025 की रिपोर्ट से किया जा सकता है, जिसमें 123 देशों में भारत का स्थान 102वां बताया गया है। यह स्थिति दशार्ती है कि देश में आज भी करोड़ों लोगों को पर्याप्त और पौष्टिक भोजन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। भारत कृषि प्रधान देश है और कृषि को उसकी अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोगों का भोजन से वंचित रहना चिंता और आत्ममंथन का विषय है। केंद्र और राज्य सरकारें गरीब एवं वंचित वर्गों के लिए अनेक खाद्यान्न योजनाएं संचालित कर रही हैं। इन योजनाओं का लाभ लाखों-करोड़ों जरूरतमंदों तक पहुंच रहा है, फिर भी यदि भुखमरी और कुपोषण की समस्या बनी हुई है तो कहीं न कहीं खाद्यान्न वितरण प्रणाली में मौजूद कमियों को दूर करने की आवश्यकता है। साथ ही समाज और नागरिकों को भी भोजन तथा अन्न की बबार्दी रोकने के लिए गंभीरता से विचार करना होगा। भोजन की बबार्दी के मामले में भारत विश्व के अग्रणी देशों में गिना जाता है।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** किसी से कहासुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। | **तुला** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। |
| **वृष** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। | **वृश्चिक** स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। |
| **मिथुन** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। | **धनु** शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। |
| **कर्क** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। | **मकर** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। |
| **सिंह** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। | **कुंभ** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। |
| **कन्या** स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। | **मीन** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। |

# क्या आरएसएस की भारत की जनता के प्रति जवाबदेही होनी चाहिए ?

गौरतलब | **राम पुनियानी**



> गांधीजी और भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के खिलाफ नफरत फैलाई गई, जिसके नतीजे में बिल्कुल नजदीक से गोलियां चलाकर गांधीजी की हत्या कर दी गई। इस गुनाह के कारण भारत के तत्कालीन उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार पटेल ने 1948 में आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया और उसके बाद लिखा कि उनके सभी भाषण नफरत भरे होते थे। इस जहर का अंतिम परिणाम यह हुआ कि देश को गांधीजी के बहुमूल्य जीवन की कुबार्नी देनी पड़ी।

**आरएसएस** द्वारा प्रशिक्षित प्रचारक नाथूराम गोडसे ने सिर्फ इस वजह से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की छाती को तीन गोलियों से छलनी कर दिया था कि गांधी मानते थे कि देश सभी धर्मों के लोगों का है, जबकि गोडसे और उसके पितृ संगठनों आरएसएस-हिन्दू महासभा का मानना था कि देश केवल हिन्दुओं का है। गांधीजी और भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के खिलाफ नफरत फैलाई गई, जिसके नतीजे में बिल्कुल नजदीक से गोलियां चलाकर गांधीजी की हत्या कर दी गई। इस गुनाह के कारण भारत के तत्कालीन उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार पटेल ने 1948 में आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया और उसके बाद लिखा कि उनके सभी भाषण नफरत भरे होते थे। इस जहर का अंतिम परिणाम यह हुआ कि देश को गांधीजी के बहुमूल्य जीवन की कुबार्नी देनी पड़ी। 'यह प्रतिबंध संघ द्वारा यह वायदा करने के बाद हटाया गया कि उसका एक लिखित संविधान होगा और वह सिर्फ एक सांस्कृतिक संगठन के रूप में कार्य करेगा। हकीकत यह है कि आरएसएस सांस्कृतिक संगठन की भेष में एक राजनैतिक संगठन है। उसने पहले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीव्हीपी) की स्थापना की और बाद में भाजपा के पूर्ववर्ती संगठन भारतीय जनसंघ की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसका नया अवतार भाजपा वर्तमान में केन्द्र और कई राज्यों की सरकार चला रही है। संघ का दावा है कि उसका खर्चा दशहरे के दिन मिलने वाली गुरू दक्षिणा की रकम से चलता है। आयकर अधिकरण ने पता नहीं क्यों आय के इस स्त्रोत को कर मुक्त घोषित कर दिया। वह अपने कार्यक्रमों और शाखाओं के संचालन पर (जो शासकीय भूमि पर भी किया जाता है) अंधाधुंध पैसा खर्च कर रही है। उसके पथ संचलनों में कितनी राशी व्यय होती है, इसे गोपनीय रखा जाता है। कहा जाता है कि आरएसएस के दिल्ली कार्यालय के निर्माण पर 100 करोड़ से अधिक का व्यय हुआ है। ये सारे भारी-भरकम खर्चे सरकारी जांच-पड़ताल की पहुंच से कोसों दूर हैं। सांस्कृतिक संगठन होने के इस दावे को सरकार और ज्यादातर लोगों द्वारा मान लिया गया और अब तक संघ तेजी से विस्तार करते हुए लाखों शाखाओं की स्थापना कर चुका है और कई लाख स्वयंसेवक उससे जुड़ चुके हैं। नेहरू को संघ की प्रकृति का अहसास बहुत जल्दी हो गया था। लेकिन कुछ साल पहले तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सहित किसी भी राजनैतिक दल ने इन मुद्दों से जुड़े सवाल नहीं उठाए जिसके चलते यह संगठन कानूनी प्रावधानों और नैतिक मूल्यों को ताक पर रखते हुए मनमानी कर रहा है। कांग्रेस ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी यह गलती सुधारी है और विशेषकर राहुल गांधी आरएसएस के संबंध में तर्कपूर्ण और विधिसम्मत सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा था कि आरएसएस से जुड़े लोग गांधीजी की हत्या के लिए जिम्मेदार हैं, जिसे लेकर उन पर मुकदमा चला। आरएसएस से दो-दो हाथ करने की इसी नीति के अंतर्गत अब कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियंक खड़गे ने आरएसएस से कहा है कि वह अपना पंजीयन करवाए और भारतीय राज्य के प्रति जवाबदेह बने।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर फिटनेस व मानसिक शांति के प्रति दिया जागरूकता का संदेश

## सोसो कलां पंचायत सचिवालय व विद्यालयों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास कर दिया स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** गोला प्रखंड क्षेत्र के सोसो कलां पंचायत सचिवालय व उत्क्रमित उच्च विद्यालय तथा प्राथमिक विद्यालय हेमतपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में पंचायत जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, ग्रामीणों और विद्यालय परिवार के सदस्यों ने भाग लिया, जिससे योग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक योगाभ्यास से हुई, जहां उपस्थित लोगों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। इस दौरान पंचायत सचिव संगीता लकड़ा व उपस्थित मुखिया लईक आलम ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से तनाव कम होता है, एकाग्रता बढ़ती है और व्यक्ति स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर होता है। विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की इस अवसर पर विद्यालय के कई शिक्षक शिक्षिकाएं, आंगनबाड़ी सेविकाएं, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण व छात्र छात्राएं शामिल थे।



## एस.एस. +2 उच्च विद्यालय गोला में किया गया योगाभ्यास

**गोला (रामगढ़) :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गोला स्थित एस.एस. +2 उच्च विद्यालय में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा एक भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा रजरप्पा मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार कुशवाहा के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ, जहां सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक साथ योगासन कर क्षेत्रवासियों को 'करो योग, रहो निरोग' का संदेश दिया। इस विशेष अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित हुए। योग शिविर में मुख्य रूप से जिला प्रभारी सह महामंत्री जागेश्वर प्रजापति, जिला मंत्री मनोज महतो और सांसद प्रतिनिधि प्रीतम झा ने हिस्सा लिया। सभी ने विभिन्न प्रकार के योगासन और प्राणायाम किए तथा शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में ललन कुमार (महामंत्री, रजरप्पा मंडल) कृष्णा शर्मा (उपाध्यक्ष) विकास मनी पाठक, उज्जवल चक्रवर्ती, संजय महतो, अजीत कुमार के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी इस योगाभ्यास कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।



## योग व्यक्ति निर्माण से विश्व निर्माण का आधार : ललन कुमार

**रजरप्पा (रामगढ़) :** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, रजरप्पा प्रोजेक्ट में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के अध्यक्ष सह परियोजना पदाधिकारी ललन कुमार राय, सीएसआर नोडल अधिकारी आशीष झा, प्राचार्य उमेश प्रसाद एवं प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य उमेश प्रसाद ने अतिथियों एवं उपस्थित जनों का परिचय कराया। इसके पश्चात बच्चूलाल तिवारी द्वारा योग स्थापना मंत्र प्रस्तुत किया गया। संधि योग तथा मंत्रोच्चारण सहित सूर्य नमस्कार संपन्न हुआ।



## योग को केवल एक दिवस तक सीमित नहीं, दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनायें : सुधीर मंगलेश



**दुलमी (रामगढ़) :** दुलमी प्रखंड कार्यालय के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, चटाक में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया तथा योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रखंड प्रमुख रेनू देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार मिश्रा, उप प्रमुख धर्मधीर महतो तथा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मिथलेश कुमार उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने योगाभ्यास में भाग लेते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

### एक झलक

## आखिर कब सुधरेगी फैक्ट्रियों की कुव्यवस्था वनांचल फैक्ट्री में मजदूर की मौत ने खड़े किये कई सवाल



**गोला (रामगढ़) :** गोला थाना क्षेत्र के मठवाटांड़ स्थित वनांचल कॉनकॉस्ट (प्रा.) लि. फैक्ट्री में कार्यरत एक मजदूर की मौत ने एक बार फिर श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और फैक्ट्री प्रबंधन की जिम्मेदारियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतक की पहचान सरायकेला-खरसावाँ जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पटकुम गाँव निवासी 45 वर्षीय विदेशी मंडल के रूप में हुई है। उनके परिवार में पत्नी तथा दो पुत्र सुमित मंडल और अमित मंडल हैं। जानकारी के अनुसार, फैक्ट्री में कार्य के दौरान अचानक विदेशी मंडल की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें पहले गोला स्थित चित्तरंजन सेवा सदन में भर्ती कराया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। श्रमिकों का आरोप है कि रेफर किए जाने के बावजूद उन्हें किसी बड़े और उन्नत चिकित्सा संस्थान में ले जाने के बजाय गोला स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहाँ देर रात उनकी मौत हो गई।

मजदूरों और स्थानीय लोगों के बीच इस घटना को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है। उनका कहना है कि यदि समय रहते बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती तो शायद एक परिवार का सहारा बच सकता था। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब कुछ दिन पूर्व ही जिला स्तर की जाँच टीम ने फैक्ट्री की कार्यप्रणाली, श्रमिकों की स्थिति तथा अन्य व्यवस्थाओं की जाँच की थी। इसके बावजूद श्रमिकों का आरोप है कि जमीनी स्तर पर कोई ठोस सुधार दिखाई नहीं दिया। मजदूरों का कहना है कि वे अपने खून-पसीने से उद्योगों को खड़ा करते हैं, लेकिन संकट की घड़ी में उनकी सुरक्षा और जीवन की कीमत सबसे कम आंकी जाती है। विदेशी मंडल की मौत ने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि आखिर श्रमिकों की सुरक्षा और आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था को लेकर जिम्मेदार पक्ष कब गंभीर होंगे? अब लोगों की नजर प्रशासनिक जाँच और उसके निष्कर्षों पर टिकी है। साथ ही मृतक के परिजनों को न्याय, उचित मुआवजा और घटना की निष्पक्ष जांच की मांग भी तेज हो गई है।

## सेवा समर्पित फाउंडेशन ने एस.के. पुरी पार्क, पटना में उत्साह के साथ मनाया विश्व योग दिवस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पटना :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज सेवा समर्पित फाउंडेशन द्वारा पटना के एस.के. पुरी पार्क में एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों, योग प्रेमियों और फाउंडेशन के सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

**योग से स्वास्थ्य और शांति का संदेश**

**कार्यक्रम** की शुरूआत भोर में ताजी हवा के बीच योग और प्राणायाम के साथ हुई। योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित लोगों को सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। इस अवसर पर फाउंडेशन के सदस्यों ने कहा कि, ?योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मन की शांति और अनुशासन का मार्ग है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वस्थ रहने के लिए योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाना अनिवार्य है। प्रमुख आकर्षण सामूहिक अभ्यासः बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने एक साथ योग का अभ्यास किया, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा।



**जागरूकता सत्रः** योग के माध्यम से विभिन्न बीमारियों से बचाव और तनावमुक्त जीवन जीने के उपायों पर चर्चा की गई। स्वच्छता का संदेशःयोग के बाद फाउंडेशन के कार्यकताओं ने पार्क परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया, जिससे पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

फाउंडेशन की ओर से सभी प्रतिभागियों को नियमित योग करने और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम के समापन पर लोगों ने इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्यवर्धक आयोजनों की आवश्यकता पर जोर दिया। इस आयोजन के बारे में आप और क्या जानकारी शामिल करना चाहेंगे, जैसे कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि या कोई विशेष संदेश?

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार,रश्मि कश्यप ने योग को जीवन में अपना कर स्वस्थ जीवन जीने के बारे में निर्देश दिया काम कार्यक्रम में सम्मिलित लोग में प्रवक्ता सम्राट शुक्ला सचिव सोनल कुमारी, राष्ट्रीय महासचिव रानी पाठक,राष्ट्रीय संयोजक रेनू धारी, बिहार काउंसलर सुनीता 1 बिहार काउंसलर सुनीता 2 की उपस्थिति रही।

## डीएवी नंदराज ने धूमधाम से मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**रांची :** डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल बरियातू के कक्षा पहली से बारहवीं तक के बच्चों ने विद्यालय के विशाल मैदान में आयोजित विशेष योग कार्यक्रम में भाग लिया। इसमें बच्चों ने ताड़ासन, वृक्षासन, पद्मासन, मंडूकासन, वज्रासन आदि अनेक आसनों को अच्छे ढंग से प्रस्तुत किया। समूह में बच्चों के द्वारा मुद्रा फौर्मेशन में खड़े रहकर अनेक जीवनोपयोगी योगों को किया। यह आकृति संन्यासियों के मुद्रा से मिल रहा था। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता आदि अनेक गतिविधियों को आयोजित किया गया था। योग एक शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति का प्रायोगिक कला है जिसे यहां बताया गया। शिक्षकों के लिए विशेष सत्र ध्यान और योग का आयोजन किया गया था ; जिसमें सभी शिक्षकों ने भाग लिया। इसमें सातों चक्रों, ध्यान केंद्र, कुंडली जागरण आदि के बारे में प्रायोगिक रूप से बताया गया।इस ध्यान योग को सहज योग ध्यान केंद्र , गांधी चौक, अपर बाजार ने संपन्न कराया। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।



## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ब्रह्माकुमारीज ने कराया योगाभ्यास



**रांची :** विवेकानन्द कालोनी रोड न.6, झिरी रोड, रांची स्थित ब्रह्माकुमारीज पाठशाला की ओर से कमड़े मन्दिर के प्रांगण में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग प्रशिक्षिका बहन तनुजा ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन करते हुए शारीरिक स्वास्थ्य के लिए विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित थे। इस अवसर पर विवेकानन्द कालोनी स्थित सेवाकेन्द की संचालिका ब्रह्माकुमारी सीमा बहन ने कहा कि जैसे बिजली प्राप्त करने के लिए पावर हाउस से कनेक्शन करना होता है। पानी के लिए नलघर से कनेक्शन जरूरी होता है। ठीक वैसे ही आत्मा में शक्ति भरने के लिए सर्वशक्तिवान परमात्मा से सम्बन्ध जोड? की जरूरत होती है। परमात्मा से सम्बन्ध छोड़ने के लिए राजयोग मेडिटेशन अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि योग दिवस मनाने के कारण लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक हुए हैं। लेकिन हमारा शरीर भी स्वस्थ तब होगा जब हमारा मन स्वस्थ होगा। उन्होंने नकारात्मक और व्यर्थ विचारों से बचने की सलाह देते हुए कहा कि इससे आत्मा की शक्तिनष्ट होती है। उन्होंने बतलाया कि ब्रह्माकुमारी संस्थान से पूरे विश्व में दस लाख से अधिक लोग जुड़े हुए हैं जो कि राजयोग को अपनाकर तनावमुक्त और शान्तिमय जीवन जी रहे हैं। मन की शान्ति के लिए मेडिटेशन के अलावा अन्य कोई दूसरा उपाय नहीं है।

## सखिया पंचायत में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के हजारीबाग जिला अंतर्गत सदर प्रखंड स्थित सखिया पंचायत भवन में रविवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी 100 डे कैंप सह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच कराई तथा टीबी से बचाव एवं उपचार संबंधी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को टीबी उन्मूलन अभियान से जुड़ने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रोत्साहित किया। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि टीबी जैसी बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए जनभागीदारी और समय पर जांच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या को नजरअंदाज नहीं करने और आवश्यक जांच कराने की अपील की। शिविर के दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें एक्स-रे एवं अन्य स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया।

## वन बंधु परिषद ने 4500 एकल विद्यालयों में आज मनाया योग दिवस



**रांची :** एकल अभियान के अंतर्गत वन बंधु परिषद के रांची चैप्टर के 19 अंचल के अंतर्गत 4500 एकल विद्यालयों में योग दिवस मनाया गया।सभी विद्यालयों के बच्चों के साथ उनके अभिभावकों ने भी योग में हिस्सा लिया। वन बंधु परिषद के अध्यक्ष श्री अंचल किंगर ने बताया कि इस वर्ष एकल विद्यालयों में योग दिवस को सभी विद्यालयों में सफलतापूर्वक मनाने के लिये रांची चैप्टर अंतर्गत सभी 19 अंचल के प्रभारी चैप्टर से नियुक्त किये गए थे।उनके सफल नेतृत्व से झारखंड के 4500 गाँवों में एकल विद्यालयों में आज योग दिवस मना। रांची,रामगढ़, रातू,खूंटी, गुमला, पलामू, लोहरदगा, हजारीबाग कोडरमा बोकारो लातेहार जामताड़ा देवघर पाकुड़ चतरा गढ़वा सिमडेगा पांकी जिलों के एकल विद्यालयों में योग दिवस का नेतृत्व श्री अजयदीप वाधवा श्री मनोज तुलस्यान श्रीमती मोनिका जैन श्रीमती वंदना मोदी श्रीमती राजकुमारी जैन श्रीमती सुमन मिनोचा श्रीमती मंजू खेतान श्री राजेश अडूकिया श्री दीपक श्रीवास्तव श्री अजय रूंगटा श्री सज्जन सर्राफ श्री विनोद भंडारी श्री संजय टांटिया श्री' शिव शंकर साबू ने किया। सभी विद्यालयों के बच्चो ने योग किया साथ ही उन्हें योगा का महत्व भी बताया गया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में उत्साह पूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**इस वर्ष योग का थीम था स्वस्थ आयु के लिए योग**



**रांची :** अंतर्राष्ट्रीय योग प्रशिक्षक आकांक्षा सिंह एवं भास्कर रॉय ने विद्यालय के 200 शिक्षक -शिक्षकेतर कर्मचारियों, एवं 300 विद्यार्थियों को लगभग 1 घंटे तक योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया. दोनों प्रशिक्षकों द्वारा सूर्यनमस्कार, ताड़ासान, कपालभाति, अनुलोम - विलोम, बजरासन, एवं भ्रामरी जैसे प्रणायामों का अभ्यास कराया गया । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बिपिन राय ने सभी शिक्षिकों के साथ स्वयं भी योग -प्राणायाम का अभ्यास करते हुए कहा कि आज के व्यस्ततम समय से हर दिन कुछ समय निकालकर योग -प्राणायाम करना चाहिए. आज हर व्यक्ति तनावपूर्ण जीवन जीने के लिए बाध्य है. इस तनावपूर्ण जीवन से मुक्त रहने के लिए हरदिन योग -प्राणायाम को कम से कम आधे घंटे का समय अवश्य दें । इस अवसर पर विद्यालय के सभी खेल प्रशिक्षक मौजूद थे ।

### पत्रकारों के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी से आक्रोश

## मीडिया ने किया राजनीतिक दल का बहिष्कार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** एक राजनीतिक दल के नेता द्वारा पत्रकारों के खिलाफ लगातार की जा रही अभद्र टिप्पणियों और उनके निजी जीवन पर किए जा रहे हमलों के विरोध में पत्रकार बिरादरी ने बड़ा कदम उठाया है। हाल ही में एक वरिष्ठ पत्रकार के दिवंगत पुत्र को लेकर की गई बेहद असंवेदनशील और अमर्यादित टिप्पणी से आहत होकर पत्रकारों ने एक आपात बैठक बुलाई। इस बैठक में सर्वसम्मति से उक्त नेता और उनकी पार्टी का पूर्ण बहिष्कार करने का कड़ा निर्णय लिया गया है।

**क्या है पूरा मामला?**

**मिली** जानकारी के अनुसार, कुछ दिनों पहले संबंधित पार्टी के एक नेता के एनडीए फेंड़िये वाले बयान को लेकर मीडिया में एक खबर प्रकाशित हुई थी। इस खबर से बौखलाए नेता ने सोशल मीडिया पर समाचार को टैग करते हुए खबर लिखने वाले पत्रकार पर बेहद निजी क्रूर हमला किया। ?नेता ने करीब डेढ़ साल पहले एक सड़क दुर्घटना में हुई उक्त पत्रकार के बेटे की दुखद मौत पर तंज कसा और अप्रत्यक्ष रूप से उसकी मौत पर खुशी जाहिर की। इस बेहद संवेदनहीन सोशल मीडिया पोस्ट के सामने आने के बाद से ही पत्रकार जगत में भारी आक्रोश व्याप्त था। बैठक में निंदा प्रस्ताव पारित, लिया बहिष्कार का फैसला : नेता की इस अमानवीय टिप्पणी से आहत पत्रकारों ने एक सामूहिक बैठक आयोजित की। बैठक में कहा गया कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद और खबरों की आलोचना स्वीकार्य है, लेकिन किसी के दिवंगत बच्चे की मौत का मजाक उड़ाना और पत्रकारों को सामूहिक रूप से बिकाऊ और भ्रष्ट बताना पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। पत्रकार के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए नेता के इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा की गई। पत्रकारों ने साफ किया कि इस पार्टी द्वारा समय समय पर मीडियाकर्मियों के खिलाफ की जाने वाली अपमानजनक टिप्पणियों को अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## भागलपुर के नाथनगर में उत्साहपूर्वक मनाया गया 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**नाथनगर :** आर्ट ऑफ लिविंग, नाथनगर के तत्वावधान में 12वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस रविवार को एस.एस. बालिका इंटर विद्यालय, नाथनगर के खेल मैदान में प्रातः 5:30 बजे से 6:30 बजे तक पूरे उत्साह, उमंग और जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग के वीटीपी ग्रेजुएट अमित कुमार के दिशा-निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित साधकों एवं स्थानीय नागरिकों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया तथा योग को अपनी नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। योग सत्र के उपरांत सभी प्रतिभागियों ने पौष्टिक अल्पाहार का आनंद लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बासुकी यादव, रंजीत कुमार, सच्चिदानंद, राकेश, कुंदन, सुजय एवं अन्य सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का मुख्य संदेश था– करें योग, रहें निरोग, जिसके माध्यम से स्वस्थ तन, शांत मन और खुशहाल जीवन का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की ओर से बरही उत्सव वाटिका में बृहत योग शिविर का आयोजन, 800 लोग हुए शामिल



**बरही :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन झारखंड प्रदेश एवं बरही अनुमंडल इकाई की ओर से बरही के उत्सव वाटिका में भव्य योग शिविर सह ब्राउन शुगर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके पहले सैकड़ों की संख्या में स्कूली बच्चे, राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन से जुड़े लोग एवं आम जनता बरही रेलवे स्टेशन रोड स्थित होटल एके पैलेस पहुंचे और वहां से गाजे बाजे के साथ करे योग, रहे निरोग, ब्राउन शुगर मुक्त हो बरही, योग के शरण में आयें बीमारियां भगाएं आदि नारों के साथ प्रभात फेरी सह जागरूकता रैली निकाली गई। रैली बरही चौक होते हुए तिलैया रोड उत्सव वाटिका पहुंची। उत्सव वाटिका में भव्य योग शिविर का आयोजन हुआ। योगाचार्य शिव कुमार पांडेय, इंद्रदेव गुप्ता एवं एकल कार्यकर्ता सह योगाचार्य सुनैना देवी ने सा ही को योगाभ्यास कराया। योग, प्राणायाम सहित कई तरह की आसन का अभ्यास कराया। साथ ही योग से होने वाले लाभ की जानकारी दी। इसके साथ ही आयुर्वेद को अपनाने पर जोर दिया गया।

### बीसीसीएल के प्रोजेक्ट अफेक्टेड पर्सन्स और वंचित छात्रों के लिए आईआईटी (आईएसएम) की नियमित साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथेमेटिक्स कक्षाएं

# विशेष सत्र में विज्ञान को बनाया आसान और रोचक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के प्रोजेक्ट अफेक्टेड पर्सन्स (PAP) यानी खनन परियोजनाओं से प्रभावित परिवारों के बच्चों तथा अन्य वंचित वर्ग के छात्रों के बीच साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथेमेटिक्स (STEM) शिक्षा को बढ़ावा देने के लिएआईआईटी (आईएसएम) धनबाद द्वारा चलाए जा रहे नियमित शैक्षणिक कार्यक्रम के तहत आज विशेष कक्षाओं का आयोजन किया गया। रळएट शिक्षा का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच, तार्किक क्षमता, समस्या समाधान कौशल और नवाचार की भावना विकसित करना है। डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के प्रो. रश्मि सिंह और प्रो. नीलाद्रि दास के मार्गदर्शन में संचालित यह कार्यक्रम बीसीसीएल की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) पहल के तहत चल रहा है। इसके अंतर्गत कक्षा 9 और 10 के छात्रों के लिए भगीरथ ब्रह्मचारी हाई स्कूल, गर्ल्स हाई स्कूल रेलवे कॉलोनी भागा तथा एच.एस. भूली नगर में नियमित कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। आज आयोजित विशेष सत्र में छात्रों को इंटरैक्टिव और छात्र-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से विज्ञान और गणित के विभिन्न विषयों को समझाया गया। कक्षाओं का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम आधारित ज्ञान तक सीमित न रहकर छात्रों में विश्लेषणात्मक सोच, तार्किक तर्क क्षमता, रचनात्मकता और जिज्ञासा को बढ़ावा देना है। प्रो. रश्मि सिंह ने कहा कि यह पहल छात्रों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी की दुनिया से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें उच्च शिक्षा और बेहतर करियर विकल्पों के लिए तैयार करने का प्रयास है। प्रो. नीलाद्रि दास ने कहा कि नियमित अकादमिक सहयोग से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी सीखने की क्षमता में सकारात्मक बदलाव आता है। उल्लेखनीय है कि हाल के महीनों में आईआईटी (आईएसएम) धनबाद द्वारा नावागढ़, झरिया, राजगंज और भागा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में रळएट आउटरीच कार्यक्रम और हैंड्स-ऑन विज्ञान गतिविधियां भी आयोजित की गई हैं। इन कार्यक्रमों को छात्रों, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। आईआईटी (आईएसएम)धनबाद और (बीसीसीएल)का यह संयुक्त प्रयास आने वाले समय में भी जारी रहेगा ताकि कोलफील्ड क्षेत्रों के अधिक से अधिक छात्रों तक गुणवत्तापूर्ण और व्यवहारिक शिक्षा का लाभ पहुंचाया जा सके।




## अमेरिका से भेजी मदद, सामाजिक रिश्ता संस्था ने जरूरतमंद परिवारों को सौंपे 20 हजार रुपये

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दारू (हजारीबाग) :** सामाजिक रिश्ता संस्था, दारू के कार्यालय में रविवार को जरूरतमंद दलित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। दारू खैरका निवासी अर्जुन भुइयां एवं रामस्वरूप भुइयां के परिवार को 10-10 हजार रुपये की नगद सहायता राशि देकर कुल 20 हजार रुपये का सहयोग किया गया।संस्था के सचिव राजन सिन्हा ने बताया कि यह सहायता राशि दारू खैरका निवासी अविनाश कुमार (पिता- सीताराम प्रसाद) द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो वर्तमान में अमेरिका में कार्यरत हैं। उन्होंने अपने गांव के जरूरतमंद परिवारों की सहायता के उद्देश्य से सामाजिक रिश्ता संस्था के माध्यम से सहयोग भेजा था। उल्लेखनीय है कि दलित परिवार के लगभग 13 सदस्य पिछले एक वर्ष से राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय, दारू (बालक) में रह रहे थे। करीब दस दिन पूर्व प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की पहल पर उन्हें विद्यालय से हटाकर उनके जर्जर आवास में स्थानांतरित किया गया था।बीडीओ हारून रसीद, मुखिया अनिता देवी, पंचायत सचिव तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने परिवार के जर्जर मकान की टूटी हुई छत पर शीट लगाने का आश्वासन दिया था।






## भारत बना एफआईएच महिला नेशंस कप चैम्पियन, न्यूजीलैंड को 2-0 से हराकर दूसरी बार जीता खिताब

### कप्तान सलीमा टेटे के नेतृत्व में भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन, प्रो लीग में मिली जगह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** भारतीय महिला हॉकी टीम ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का गौरव बढ़ाते हुए FIH हॉकी महिला नेशंस कप 2025-26 का खिताब अपने नाम कर लिया। रविवार को ऑकलैंड के नॉर्थ हार्बर हॉकी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने मेजबान न्यूजीलैंड को 2-0 से हराकर दूसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। कप्तान सलीमा टेटे के नेतृत्व में भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही और शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस जीत के साथ भारत ने महिला FIH प्रो लीग 2026-27 में भी अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया, जो भविष्य के बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों और छअ 2028 ओलंपिक की राह में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**शुरुआत से ही भारत का दबदबा**

**फाइनल** मुकाबले में भारत ने आक्रामक शुरूआत की। मैच के चौथे मिनट में नवनीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद 15वें मिनट में सुनेलता टोप्पो ने एक और पेनाल्टी कॉर्नर पर शानदार गोल दागकर बढ़त को 2-0 कर दिया। इसके बाद भारतीय रक्षा पंक्ति ने शानदार खेल दिखाया और न्यूजीलैंड को कोई मौका नहीं दिया। पूरे मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने अनुशासित हॉकी खेलते हुए मेजबान टीम को गोल करने से रोके रखा।

**दीपिका बनीं टूर्नामेंट की टॉप स्कोरर**

**भारतीय** टीम की युवा स्टार ड्रेक फ्लीकर Deepika Sehrawat ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 गोल किए और प्रतियोगिता की शीर्ष गोल स्कोरर रहीं। उनके प्रदर्शन ने भारत की सफलता में अहम भूमिका निभाई।

**झारखंड का भी रहा अहम योगदान**

**भारत** की विजेता टीम में झारखंड की तीन बेटियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम की कप्तान सलीमा टेटे, अनुभवी खिलाड़ी निक्की प्रधान और युवा प्रतिभा दीपिका सोरेंग ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर राज्य और देश का नाम रोशन किया।

**अंतिम स्टैंडिंग**

1. भारत
2. न्यूजीलैंड
3. अमेरिका

**भारतीय** महिला हॉकी टीम के FIH महिला नेशन कप चैंपियन बनने पर हॉकी इंडिया हॉकी इंडिया के महासचिव श्री भोलानाथ सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने टीम को बधाई देते हुए टीम के प्रत्येक सदस्य को तीन तीन लाख और सहयोगी स्टॉफ को डेढ़ डेढ़ लाख रुपए देने की घोषणा की। भारतीय महिला हॉकी टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों सहित खेल प्रेमियों ने पूरी टीम को बधाई दी है।

### एक झलक

## हरमनप्रीत कौर ने रचा इतिहास, 200 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली पहली खिलाड़ी बनीं

**मैनचेस्टर (इंग्लैंड) :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला टी20 विश्वकप 2026 के मुकाबले में मैदान पर उतरते ही इतिहास रच दिया। वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 200 मैच खेलने वाली दुनिया की पहली खिलाड़ी बन गई हैं। खास बात यह है कि अब तक किसी भी पुरुष या महिला क्रिकेटर ने यह उपलब्धि हासिल नहीं की थी। रविवार को मैनचेस्टर के एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर खेले जा रहे मुकाबले में जैसे ही हरमनप्रीत टॉस के लिए मैदान पर पहुंचीं, उनके नाम यह ऐतिहासिक रिकॉर्ड दर्ज हो गया। इस खास मौके पर हरमनप्रीत कौर को विशेष जर्सी और कैप भेंट की गई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सम्मान, प्यार और ढेर सारी यादें। उप-कप्तान स्मृति मंधाना और हेड कोच अमोल मजूमदार ने हरमनप्रीत कौर को पूरी टीम के हस्ताक्षर वाली एक खास '200' नंबर जर्सी और कैप भेंट की। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक मैच खेलने वाली खिलाड़ियों की सूची में हरमनप्रीत के बाद न्यूजीलैंड की दिग्गज बल्लेबाज सूजी बेट्स का नाम आता है, जिन्होंने 184 मुकाबले खेले हैं। वहीं, पुरुष क्रिकेट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का रिकॉर्ड पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के नाम है, जिन्होंने 159 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। हरमनप्रीत कौर का टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर शानदार रहा है।

### 5वीं झारखंड स्टेट रैपिड शतरंज चैम्पियनशिप-2026 सम्पन्न

# अभिषेक दास बने चैम्पियन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** 5वीं झारखंड स्टेट रैपिड शतरंज चैंपियनशिप-2026 का सफलतापूर्वक समापन हो गया। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में पूर्वी सिंहभूम के एफएम अभिषेक दास ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया और चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। पश्चिमी सिंहभूम के तनिष्क कुमार 7० अंकों के साथ द्वितीय तथा रांची के यश रंजन 7० अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे।



शीर्ष 10 खिलाड़ियों में पूर्वी सिंहभूम के अर्जित घोष, धनबाद के ईशांत कुमार, रांची के आरव राज मेहता, पूर्वी सिंहभूम के रोहन विजय शांडिल्य, रांची के विभाष कुमार सिन्हा, विकास बरला तथा सरायकेला-खरसावां के शिवांश गोस्वामी शामिल रहे। प्रतियोगिता में विभिन्न रेटिंग वर्गों में भी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। रेटिंग 1600 से कम वर्ग में देबांजन सासमल प्रथम, कबीर आदित्य आनंद द्वितीय एवं आयुष बक्शी तृतीय स्थान पर रहे। रेटिंग 1500 से कम वर्ग में मोहित मोहन भगत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि श्लोक सौरव मिश्रा द्वितीय एवं मोहम्मद आसिफ कच्छी तृतीय स्थान पर रहे। अनरेटेड वर्ग में उज्जावल कुमार पाठक प्रथम, यश मित्तल द्वितीय तथा विवान वैदिक तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उच्च स्तरीय मुकाबले प्रस्तुत किए। आयोजकों ने विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राज्य में शतरंज के बढ़ते स्तर और युवा खिलाड़ियों की भागीदारी को देखते हुए आयोजन को अत्यंत सफल माना गया। मुख्य पुरस्कार विजेता : एफएम अभिषेक दास (पूर्वी सिंहभूम) -10,000
तनिष्क कुमार (पश्चिमी सिंहभूम) - 7,000, यश रंजन (रांची) - 5,000, अर्जित घोष (पूर्वी सिंहभूम) - 3,000, ईशांत कुमार (धनबाद) -2,500,
प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों एवं प्रशिक्षकों को शुभकामना संदेश प्रेषित किया है।

## गोंदूडीह ओपी क्षेत्र में आटा मिल कर्मी की गोली मारकर हत्या, इलाके में दहशत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** गोंदूडीह ओपी क्षेत्र अंतर्गत खेरकाबाद स्थित 7 नंबर हिलटॉप आउटसोर्सिंग के समीप रविवार दोपहर दिनदहाड़े बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने आटा मिल कर्मी उमेश यादव (45) की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार मृतक उमेश यादव झरिया थाना क्षेत्र के बस्ताकोला निवासी थे और गोधर स्थित आटा मिल में लंबे समय से कार्यरत थे। वह मिल में कैश कलेक्शन का काम संभालते थे। रविवार को भी वह ग्राहकों से पैसे कलेक्ट कर बाइक से मिल लौट रहे थे, तभी पहले से घात लगाए अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगते ही उमेश यादव सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गोंदूडीह ओपी, भूली ओपी और केंदुआडीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने हत्या के पीछे पुरानी रंजिश या लूट की आशंका जताई है। वहीं आटा मिल मालिक रतन अग्रवाल ने बताया कि उमेश यादव पिछले कई वर्षों से कार्यरत थे और पूरी तरह भरोसेमंद कर्मचारी थे। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस अपराधियों की पहचान में जुटी हुई है।



लंदन में क्वींस क्लब टेनिस चैम्पियनशिप में अर्जेंटीना के फ्रासिंस्को सरडूआननडो अंक मिलने पर उत्साहित होते हुए।

## अंजुमन फरोग-ए-उर्दू, झारखंड के तत्वावधान में प्रशस्ति समारोह का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बालूमाथ (लातेहार):** अंजुमन फरोग-ए-उर्दू, झारखंड के बैनर तले एक गरिमामय शैक्षिक एवं प्रशस्ति समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उर्दू विषय में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. गालिब नश्तर ने की, जबकि संचालन का दायित्व डॉ. मोहम्मद मुर्शिद ने निभाया। कार्यक्रम का शुभारंभ पवित्र कुरआन की तिलावत से हुआ। इस अवसर पर मौलाना अब्दुल वाजिद चतुर्वेदी ने नात-ए-पाक प्रस्तुत की तथा मकर्रम हयात ने अंजुमन का तराना पेश किया। अपने संबोधन में मौलाना अब्दुल वाजिद चतुर्वेदी ने मरहूम डॉ.



इकबाल नैयर कासमी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उर्दू साहित्य के प्रति उनकी गहरी रुचि का उल्लेख किया। उन्होंने सीरत-ए-नबी पर लिखी गई उनकी पुस्तक तथा मौलाना जुलफि कार अली उर्फ. हजरत जी और मौलाना रहमतुल्लाह अलैहिर्रहमा पर लिखी गई पुस्तकों का विशेष रूप से ज़िक्र किया। साथ ही समाज को संतुलन एवं सदाचार की राह पर लाने संबंधी उनके महत्वपूर्ण विचारों को भी रेखांकित किया। समारोह में सफल छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र, मेडल एवं मोमेंटो प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि जनाब मजम्मिल हुसैन ने अपने संबोधन में कहा कि शैक्षिक प्रगति और जागरूकता के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वहीं मास्टर अरशद शहनवाज ने वर्तमान दौर में मातृभाषा को एक विषय के रूप में बनाए रखने पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें डॉ. दानिश अयाज (रांची), मौलाना शाहिद नवाज मजाहिरी, मौलाना वसीम अकरम नदवी सहित अन्य प्रतिष्ठित अतिथि शामिल थे। वक्ताओं ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्य में और अधिक मेहनत एवं लगन के साथ शिक्षा प्राप्त करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर लगभग 90 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। इन विद्यार्थियों ने उर्दू विषय में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अंजुमन फरोग-ए-उर्दू, झारखंड के पदाधिकारियों ने सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को बधाई देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रयास करते रहने की आवश्यकता पर बल दिया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रजरप्पा क्षेत्र में उमड़ा जनसैलाब, 250 से अधिक लोगों ने किया योगाभ्यास

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रजरप्पा क्षेत्र में रविवार सुबह आयोजित योग शिविर में लोगों का उत्साह देखते ही बना। प्रातः 05:30 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में 250 से अधिक अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिकों एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रजरप्पा ओपन कास्ट परियोजना के परियोजना पदाधिकारी ललन कुमार रॉय ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित एवं स्वस्थ बनाने की एक समग्र पद्धति है। उन्होंने सभी से



नियमित योग अपनाने का आग्रह किया। पतंजलि परिवार के योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। पूरे परिसर में अनुशासन, ऊर्जा और सकारात्मकता का वातावरण देखने को मिला। प्रतिभागियों ने योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में स्टाफ अधिकारी (मा. सं.) रामानुज प्रसाद, वरीय प्रबंधक (खनन) एच. के. सिंह, वरीय प्रबंधक (खनन) नरेंद्र कुमार तथा उप प्रबंधक (वित्त) नवल सिंघल उपस्थित रहे।

## मोहर्रम को लेकर कतरास थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** मोहर्रम पर्व को लेकर रविवार को कतरास थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कतरास थानेदार प्रवीण कुमार ने की। इस दौरान क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्द बनाए रखने पर विस्तृत चर्चा हुई।थानेदार प्रवीण कुमार ने कहा कि मोहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाए। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने की अपील की तथा सभी समुदाय के लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने को कहा।बैठक में वार्ड 1 की पार्षद मधुमाला, मुखिया अल्ताफ, बिजली विभाग के जेई देवीलाल सोरेन, पूर्व पार्षद हरिप्रसाद अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। इसके अलावा रणधीर ठाकुर, मोहम्मद अकरम, मासूम खान, उमाकांत तिवारी, उदय वर्मा, रामबचन पासवान, जावेद रजा, एहतराम कुरेशी, कमलेश सिंह, शिवेश विश्वकर्मा, मो मोनू, मो इबरार, मंजर आलम, मो मुमताज, जियाउल हक, शौकत खान, रघुनाथ हजारी, मानसिंह, श्यामाकांत गुप्ता, मो नईम, ईश्वर चौरसिया, मुन्ना सिद्दीकी, मो जशीन एवं जितेश रजवार आदि उपस्थित रहे। सभी ने शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने का आश्वासन दिया।

## डीएवी स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र- छात्राओं और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। योग शिविर का संचालन योग प्रशिक्षक शुभम कुमार ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों व शिक्षकों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। शिविर में प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी और सूर्य नमस्कार जैसे महत्वपूर्ण योगाभ्यास कराए गए। प्रशिक्षक ने हर आसन का सही तरीका और लाभ भी



विस्तार से समझाए। उन्होंने ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है, मन एकाग्र होता है और तनाव कम होता है। मौके पर निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को दैनिक जीवन में योग शामिल करने के लिए प्रेरित किया। योग से एकाग्रता, आत्मविश्वास और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है।विद्यालय परिसर में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य बच्चों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें स्वस्थ व अनुशासित जीवनशैली के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।

# रांची की योग शिविरों में गूंजा करो योग रहो निरोग का नारा

## करो योग रहो निरोग : रोहित शारदा

- जागृति महिला शाखा का चार दिवसीय योग शिविर सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच रांची दक्षिण महिला जागृति शाखा के द्वारा योगा डे के अवसर पर श्री राम मिलाप कार्यालय डोरंडा में चार दिवसीय योग अभ्यास शिविर का आयोजन किया गया जिसका समापन आज किया गया शिविर 17 जून से लगाया जा रहा था। कार्यक्रम में योग गुरु के रूप में रीना केड़िया ने सभी को अभ्यास कराया




जिन्हें श्री राम भरत मिलाप समिति एवं जागृति महिला शाखा की ओर से आज सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री राम भरत मिलाप समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा ने सभी को शुभकामना देते हुए प्रतिदिन 6:00 बजे से 7:30 बजे तक कार्यालय परिसर में निशुल्क योग शिविर आयोजित करने की बात कही साथ ही उन्होंने कहा कि करो योग रहो निरोग । इस अवसर पर महिला जागृति शाखा की अध्यक्ष प्रमिला सराफ ने अपनी सभी युवा साथियों के साथ योग अभ्यास करते हुए अतिथियों का स्वागत किया धन्यवाद ज्ञापन मंच की सचिव खुशबू शारदा ने किया। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार मधु पिलानिया द्वितीय पुरस्कार गोपाल पाठक एवं तृतीय पुरस्कार बिना शारदा को दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री राम भारत मिलाप समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा महिला जागृति शाखा की अध्यक्ष प्रमिला सराफ, सचिव खुशबू शारदा, सरोज सुल्तानिया, अंजना अग्रवाल, नीरू अग्रवाल, लता विजय, अनीता अग्रवाल, साधना विजय, राजीव केडिया रोहित कुमार पवन केडिया महेश विजय संजय कुमार अग्रवाल सहित अन्य लोग सम्मिलित थे।

## अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर करें योग रहें निरोग से गुंजा बिरला मैदान

**रांची :** आज अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बिरला मैदान रातू रोड़ में योगासन कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद कुमार जायसवाल ने किया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राकेश चौधरी पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो रहें इसमें योग के साथ साथ योग से होने वाले लाभ के बारे में भी बताया गया साथ ही आज योग की पहचान पुरे विश्व में एक जीवन पद्धति रूप में बन गयीं है इसमें हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी जी का बहुत योगदान रहा है हमें प्रतिदिन योग को जीवन शैली में उतारना चाहिये इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लव कुमार रिंकू साव महेंद्र प्रसाद राजेश कुमार गीता देवी सुलोचना देवी बबिता कुमारी आदि लोगो उपस्थित रहें ।



## तेरापंथ युवक परिषद, रांची मे किया गया योगा कार्यक्रम

**रांची :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के मार्गदर्शन में फिट युवा - हिट युवा के अंतर्गत तेरापंथ युवक परिषद, रांची द्वारा योग कार्यक्रम मोराबादी के ऑक्सीजन पार्क में आयोजित किया गया । योग कार्यक्रम में काफी संख्या में पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे शामिल हुए! योग सत्र सुबह 6:30 से 7:30 तक चला जिसका संचालन सोनू पारख ने किया! युवक परिषद के अध्यक्ष पंकज बोहरा द्वारा योग सत्र में शामिल सभी लोगों कों आभार व्यक्त किया! आज के कार्यक्रम कों आयोजित करने में श्वेतांबर



तेरापंथी सभा, तेरापंथ महिला मण्डल का सहयोग रहा । आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमर चंद बैंगानी, अशोक सुराणा, कुसुम पारख, अमित बैंगानी, विवेक दस्सानी, ललित सेठिया, विकास नाहटा, नेहा बैंगानी, पूजा नाहटा, रति बोहरा,नेहा सेठिया, विवेक बैंगानी आदि शामिल हुए ।

## एक झलक

### एलएंडटी समूह की एआई अवसंरचना क्षेत्र में नयी पहल


**मुंबई** : अभियांत्रिकी और निर्माण क्षेत्र की दिग्गज कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कंप्यूट अवसंरचना के क्षेत्र में अपनी पैठ बना रही है। कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक व्योम.एआई लिमिटेड ने इस नई पहल के तहत एलटीएन कंप्यूट प्राइवेट लिमिटेड (एलटीएनसीपीएल) नामक एक नई कंपनी का गठन किया है। रविवार को शेयर बाजारों को दी गई जानकारी के अनुसार एलटीएनसीपीएल का निगमन 20 जून, 2024 को हुआ है। यह नवगठित कंपनी विशेष रूप से एआई कंप्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करने और प्रौद्योगिकी-सक्षम सेवाएं देने पर केंद्रित होगी। यह कदम एलएंडटी समूह की तेजी से बढ़ते एआई और डिजिटल प्रौद्योगिकी बाजार में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। इससे कंपनी को भविष्योन्मुखी तकनीकी समाधानों में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित होने में मदद मिलेगी।

### भू-राजनीति, मानसून और आर्थिक आंकड़े तय करेंगे बाजार की दिशा

**मुंबई** : घरेलू शेयर बाजार पिछले सप्ताह की गिरावट से उबरने की कोशिश में इस हफ्ते कई महत्वपूर्ण वैश्विक और घरेलू कारकों पर पैनी नजर रखेंगे। निवेशकों के लिए जहां भू-राजनीतिक स्थिरता अहम होगी, वहीं देश के भीतर मानसून की प्रगति और प्रमुख आर्थिक आंकड़े भी बाजार की दिशा तय करेंगे। विशेष रूप से अमेरिका और ईरान के बीच हुए शांति समझौते के क्रियान्वयन में होने वाली प्रगति पर बाजार की गहरी निगाहें टिकी रहेंगी। यदि हॉर्मुज जलडमरूमध्य व्यापार के लिए सुचारु रूप से खुलता है, तो वैश्विक तेल आपूर्ति और भू-राजनीतिक स्थिरता पर इसका सीधा सकारात्मक असर पड़ेगा, जो शेयर बाजारों के लिए एक महत्वपूर्ण उत्प्रेरक हो सकता है। वैश्विक परिदृश्य के साथ ही घरेलू मोर्चे पर मानसून की प्रगति भी निवेशकों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। कृषि-आधारित भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर मानसून ग्रामीण मांग और कॉर्पोरेट आय को बढ़ावा देता है। इसके अतिरिक्त, देश के आठ महत्वपूर्ण कोर उद्योगों के आंकड़े भी जारी होंगे, जो अर्थव्यवस्था की सेहत का संकेत देंगे और बाजार की चाल को प्रभावित कर सकते हैं। इन सभी कारकों का समग्र प्रभाव आगामी सप्ताह में बाजार की दिशा तय करेगा। बाजार के ?विश्लेषकों ने कहा ?कि बाजार की नजर मई महीने के थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) और ?रिजर्व बैंक आफ इं?डिया द्वारा जारी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी)के मिनट्स पर टिकी हुई है, ताकि भविष्य की ब्याज दरों का अनुमान लगाया जा सके। विदेशी निवेशकों के रुख और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसलों से बाजार में तरलता तय हो रही है। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अंतर्राष्ट्रीय कच्चे तेल के दामों में उतार-चढ़ाव का सीधा असर भारतीय अर्थव्यवस्था और शेयर बाजार की धारणा पर पड़ सकता है।

# 09 कम्पनियों के मार्केट कैप में 2.15 लाख करोड़ से अधिक की बढ़ोतरी

**नयी दिल्ली** : घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल नौ कंपनियों के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हो गई, जबकि एक कंपनी के मार्केट कैप में गिरावट आई है। शीर्ष स्थान पर मौजूद इन दस कंपनियों में से नौ के मार्केट कैप में सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद 2.15 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। इनमें सबसे अधिक फायदा भारती एयरटेल को हुआ, जबकि मार्केट कैप में बढ़ोतरी के मामले में दूसरा स्थान भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने हासिल किया। दूसरी ओर, टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल कंपनियों में शेष बची टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मार्केट कैप में 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आ गई। इस सप्ताह के कारोबार के बाद भारती एयरटेल, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टूब्रो, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईसीआईसीआई बैंक के मार्केट कैप में 2,15,142.36 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। दूसरी ओर, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मार्केट कैप में 12,699.49 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए कारोबार के बाद भारती एयरटेल का मार्केट कैप




52,432.67 करोड़ रुपये बढ़ कर 11,62,963.30 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मार्केट कैप 51,675.23 करोड़ रुपये उछल कर 5,56,726.30 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा, बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 26,553.71 करोड़ रुपये की मजबूती के साथ 5,98,501.25 करोड़ रुपये के स्तर पर, रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 22,464.02 करोड़ रुपये बढ़ कर 17,71,882.96 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 12,699.49 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 7,69,350.13 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इन कंपनियों के अलावा पिछले सप्ताह के कारोबार में लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) का मार्केट कैप 21,929.12 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 5,79,126.95 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 16,753.57 करोड़ रुपये की उछाल के साथ 9,55,415.07 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 11,948.72 करोड़ रुपये उछल कर 12,01,263.14 करोड़ रुपये के स्तर पर, हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 6,661.10 करोड़ रुपये बढ़ कर 5,15,946.75 करोड़ रुपये के स्तर पर और आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 4,724.22 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 9,66,021.99 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 17,71,882.96 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 12,01,263.14 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 11,62,963.30 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 9,66,021.99 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 9,55,415.07 करोड़ रुपये), टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) (कुल मार्केट कैप 7,69,350.13 करोड़ रुपये), बजाज फाइनेंस (कुल मार्केट कैप 5,98,501.25 करोड़ रुपये), लार्सन एंड टूब्रो (कुल मार्केट कैप 5,79,126.95 करोड़ रुपये), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) (कुल मार्केट कैप 5,56,726.30 करोड़ रुपये) और हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 5,15,946.75 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

## वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद अप्रैल से 14 जून तक निर्यात 15 फीसदी बढ़ा : गोयल

**नयी दिल्ली** : केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद चालू वित्त वर्ष 2026-27 में अप्रैल से 14 जून तक देश के माल निर्यात में लगभग 15 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। मई में भारत का निर्यात 18 फीसदी बढ़कर 45.2 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया, जो छह महीने का उच्चतम स्तर है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने मुंबई में योग दिवस के अवसर पर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के साथ संवाद के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि 50 फीसदी अमेरिका शुल्क लगाए जाने के बावजूद पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के निर्यात में मजबूत वृद्धि हुई है। अगर हम अप्रैल और मई के पूरे महीनों के साथ ही जून के 14 दिन के उपलब्ध आंकड़ों की बात करें, तो इसमें निर्यात में 15 फीसदी की वृद्धि रही है। इसी अवधि में व्यापार घाटा बढ़कर 28.21 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। गोयल ने संबोधन के दौरान चार्टर्ड अकाउंटेंट्स से विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि भारत और 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर दिसंबर तक हस्ताक्षर किए जाएंगे और इसके अगले वर्ष फरवरी-मार्च के दौरान लागू होने की संभावना है। इस वर्ष 27 जनवरी को भारत और यूरोपीय संघ ने वार्ताओं के समापन की घोषणा की थी। वाणिज्य मंत्रालय जून माह के निर्यात-आयात संबंधी आधिकारिक आंकड़े 15 जुलाई को जारी करेगा। मंत्रालय के जारी आंकड़ों में अप्रैल-मई 2026-27 के दौरान देश का निर्यात 16.09 फीसदी बढ़कर 88.91 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जबकि आयात 15.14 फीसदी की वृद्धि के साथ 145.35 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस अवधि में व्यापार घाटा 56.44 अरब डॉलर दर्ज किया गया।

## डिविडेंड बंपर : जून के अंतिम सप्ताह में 31 कंपनियां बांटेंगी लाभांश

**नयी दिल्ली** : शेयर बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों के लिए जून 2026 का अंतिम सप्ताह वित्तीय दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण होने वाला है। इस दौरान देश की 31 प्रमुख कंपनियां अपने शेयरधारकों को डिविडेंड का लाभ देने जा रही हैं, जो उनके मुनाफे का एक हिस्सा होता है। यह लाभांश निवेशकों के लिए अतिरिक्त आय का एक बड़ा स्रोत बन सकता है, खासकर उन लोगों के लिए जिनकी नजर नियमित आय वाले शेयरों पर रहती है। सप्ताह की शुरूआत 22 जून से होगी, जब पैनासोनिक कार्बन इंडिया (12 रुपए), संगम इंडिया (2 रुपए) और डीएमआर इंजीनियरिंग (0.14 रुपए) डिविडेंड प्रदान करेंगी। इसके बाद 23 जून को एशियन पेंट्स (23 रुपए) और हिंदुस्तान यूनिलीवर (22 रुपए) समेत कई दिग्गज एक्स-डिविडेंड होंगी, जिनमें थायरोकेयर, टाटा पावर भी शामिल हैं।

## भारत में जल्द लॉन्च होगा सैमसंग गैलेक्सी एम 47 5G

**रांची** : सैमसंग इंडिया ने अपने लोकप्रिय गैलेक्सी एम सीरीज पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए नए स्मार्टफोन गैलेक्सी एम47 5जी के आगामी लॉन्च की घोषणा की है। साल 2019 में पहली बार पेश की गई यह सीरीज पूरी तरह से ?मेड इन इंडिया? और ?मेड फॉर इंडिया? के मूलमंत्र पर आधारित है, जिसे विशेष रूप से भारतीय उपभोक्ताओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। युवा उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया गैलेक्सी एम47 5जी, आधुनिक शैली और दमदार हार्डवेयर का एक बेहतरीन संयोजन पेश करता है।




यह स्मार्टफोन जितना स्टाइलिश है, प्रदर्शन के मामले में उतना ही सक्षम भी है। चाहे कंटेंट ब्राउज करना हो, एक साथ कई काम करने हों या फिर हाई-एंड गेमिंग का आनंद लेना हो, यह हर मोर्चे पर यूजर्स को एक सहज और इमर्सिव अनुभव प्रदान करेगा। गैलेक्सी एम47 5जी में सुपरफास्ट परफॉर्मेंस और स्लीक डिजाइन का बेजोड़ संगम देखने को मिलेगा। यह स्मार्टफोन एक शक्तिशाली प्रोसेसर, तेज रैम और बड़े स्टोरेज से लैस होगा, जो रोजमर्रा के सामान्य कार्यों से लेकर भारी उपयोग के दौरान भी बिना किसी रुकावट के स्मूथ परफॉर्मेंस सुनिश्चित करेगा। यह दिखने में जितना प्रीमियम और स्लीक होगा, मजबूती के मामले में भी उतना ही शानदार होगा, जिसकी उम्मीद आज की युवा पीढ़ी अपने स्मार्टफोन से करती है। गैलेक्सी एम47 5जी अपने सेगमेंट के सबसे दमदार फीचर्स के साथ भारतीय बाजार में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो उपभोक्ताओं के लिए तकनीक की नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। गैलेक्सी एम47 5जी के इस आगामी लॉन्च के साथ सैमसंग का उद्देश्य भारतीय स्मार्टफोन बाजार में अपने नेतृत्व को और अधिक सुदृढ़ और मजबूत बनाना है।

## घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख सोना और चांदी ने लगायी छलांग

**नयी दिल्ली** : घरेलू सर्राफा बाजार में मामूली तेजी का रुख बना हुआ है। भाव में आए उछाल के कारण चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना आज 210 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 230 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चेन्नई में सोने के भाव में आज 310 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 340 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आ गई है। चांदी के भाव में भी आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की सांकेतिक मजबूती दर्ज की गई है। भाव में आई तेजी के कारण देश के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,46,080 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,48,370 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। 22 कैरेट सोना आज 1,33,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,36,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी सांकेतिक तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। आज सोने के भाव में तेजी आने के बावजूद साप्ताहिक आधार पर देखा जाए, तो सोना और चांदी दोनों धातुओं के भाव में गिरावट आई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोना तीन हजार रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। इसी तरह 22 कैरेट सोने के भाव में साप्ताहिक आधार पर 2,750 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई। चांदी के भाव में भी उतार चढ़ाव के बावजूद पिछले सप्ताह के कारोबार में कमजोरी दर्ज की गई। इस गिरावट के कारण चांदी का भाव सप्ताहिक आधार पर 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक नीचे आ गया। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,46,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,34,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,46,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## सोनी सब का शो हस्तिनापुर के वीर महाभारत की रोमांचक कहानी को दर्शकों तक पहुंचाता जा रहा



**मुंबई** : सोनी सब का शो हस्तिनापुर के वीर महाभारत की रोमांचक कहानी को दर्शकों तक पहुंचाता जा रहा है। जैसे-जैसे कौरव और पांडवों के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है, आने वाले एपिसोड्स में एक चौंकाने वाली साज़िश दिखाई जायेगी, जो उनकी प्रतिद्वंद्विता की दिशा हमेशा के लिए बदल देगी। आने वाले ट्रैक में दुर्योधन (आयुध भानुशाली) और भी द्वेष भाव धारण कर लेता है, क्योंकि उसे लगता है कि पांडवों और उनकी हस्तिनापुर में बढ़ती लोकप्रियता के सामने वह हमेशा दबा रह जाता है। अपने भतीजे की झुंझलाहट और महत्वाकांक्षा को समझते हुए शकुनी (चंदन आनंद) बड़ी सावधानी से उसकी असुरक्षाओं को हवा देता है और उसे यकीन दिलाता है कि भीम (सुभाष) ही पांडवों की असली ताकत है। अपने प्रतिद्वंद्वियों को कमजोर करने के इरादे से दुर्योधन एक खतरनाक योजना बनाता है, वह गुपचुप तरीके से भीम की खीर में जहर मिलाता है और फिर उसे नदी में फिंकवा देता है।

## प्राइमरी मार्केट में इस सप्ताह रहेगी हलचल, 08 कंपनियों के आईपीओ की लॉन्चिंग

**नयी दिल्ली** : सोमवार यानी 22 जून से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में अच्छी हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह आठ कंपनियां अपने आईपीओ लॉन्च कर रही हैं। इनमें तीन कंपनियों के आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट के हैं, जबकि शेष पांच आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह सब्सक्रिप्शन के लिए खुले चार आईपीओ में भी 22 और 23 जून तक बोली लगाई जा सकती है। जहां तक नई लिस्टिंग की बात है तो इस सप्ताह छह कंपनियां स्टॉक मार्केट में एंट्री करने वाली हैं। ये सभी कंपनियां एसएमई सेगमेंट की हैं। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन 23 जून को एडविट ज्वेल्स का 165.16 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 25 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 130 रुपये प्रति शेयर से लेकर 138 रुपये प्रति शेयर का




प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 100 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 01 जुलाई को बीएसई और एनएसई पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। 23 जून को ही वाटरवेज लीजर टूरिज्म का 585 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 25 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 769 रुपये प्रति शेयर से लेकर 808 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 18 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद एक जुलाई को बीएसई और एनएसई पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है।

इसी दिन श्रीधर स्पिनर्स का 30.68 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस इश्यू में भी 25 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 51 रुपये प्रति शेयर से लेकर 53 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 01 जुलाई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है।

इन तीनों आईपीओ के अलावा इसी दिन जीवियल इंडस्ट्रीज का 31.99 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में भी 25 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 196 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 600 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद 01 जुलाई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। इसके अगले दिन 24 जून को सीएसएम टेक्नोलॉजीज का 145.78 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 29 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 107 रुपये प्रति शेयर से लेकर 113 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 132 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद दो जुलाई को बीएसई और एनएसई पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है। 24 जून को ही धनवेल हाइब्रिड सीड्स का 26.73 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में भी 29 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 95 रुपये प्रति शेयर से लेकर 99 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है।

## पेज एक के शेष

**योग भारत की ओर से मानवता को मिला अमूल्य उपहार, इसे जीवन का हिस्सा बनायें : उपराष्ट्रपति...**

महत्त्वपूर्ण वैश्विक सम्मान है।

इस वर्ष की थीम ?स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग? का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि चिकित्सा सुविधाओं में सुधार और बढ़ती जीवन प्रत्याशा के कारण समाज में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि लोग केवल अधिक समय तक जीवित ही न रहें, बल्कि स्वस्थ, सक्रिय और सम्मानजनक जीवन भी जी सकें। योग इस दिशा में अत्यन्त प्रभावी भूमिका निभा सकता है।

उन्होंने इंडिया एजिंग रिपोर्ट-2023 का हवाला देते हुए कहा कि वर्ष 2050 तक भारत की लगभग 20 प्रतिशत आबादी वरिष्ठ नागरिकों की होगी। ऐसे परिदृश्य में योग को जन-आंदोलन के रूप में अपनाने की आवश्यकता है, ताकि बढ़ती आयु के साथ भी लोगों का स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और जीवन की गुणवत्ता बनी रहे।

लद्दाख की भौगोलिक और सांस्कृतिक विशेषताओं का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि ऊंचाईवाले क्षेत्रों में जीवन जीने के लिए सहनशक्ति, अनुशासन और परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालने की क्षमता आवश्यक होती है। योग इन सभी गुणों को विकसित करने में महत्त्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने कहा कि लद्दाख के लोग लंबे समय से सादगी, धैर्य, लचीलेपन और प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन का उदाहरण प्रस्तुत करते रहे हैं, जो योग दर्शन के मूल सिद्धांतों से गहराई से जुड़े हुए हैं।

लद्दाख के लोगों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि अपने प्रवास के दौरान उन्होंने यहां के लोगों को शांत, सौम्य, दयालु और प्रकृति के प्रति संवेदनशील पाया। उन्होंने कहा कि इन गुणों के कारण लद्दाख की संस्कृति विशिष्ट पहचान रखती है। यदि इन मूल्यों के साथ नियमित योगाभ्यास को जोड़ा जाये, तो यह लोगों को अपनी पूर्ण क्षमता तक पहुंचने और जीवन में अधिक संतुलन प्राप्त करने में सहायता करेगा।

इस अवसर पर लद्दाख केन्द्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, लद्दाख से लोकसभा सांसद मोहम्मद हनीफा, कारगिल स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी पार्षद मोहम्मद जाफर अखून, लद्दाख के मुख्य सचिव आशीष कुंद्रा, वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, योग प्रशिक्षक, छात्र, वरिष्ठ नागरिक और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

इससे पूर्व उपराष्ट्रपति ने महाबोधि इंटरनेशनल मेडिटेशन सेंटर (एमआईएमसी) के देवचन परिसर का भी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, सामाजिक कल्याण, पर्यावरण संरक्षण, योग और ध्यान के क्षेत्र में संस्थान द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थान समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

**योग और फिटनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी : मांडविया...**

'फिट इंडिया मूवमेंट' की भूमिका को रेखांकित किया। प्रतिभागियों के साथ बातचीत के दौरान खेल मंत्री ने अच्छी सेहत बनाये रखने और दैनिक जीवन में योग एवं साइकिल चलाने जैसी फिटनेस गतिविधियों को अपनाने के महत्त्व पर जोर दिया।

अभिनेता अक्षय कुमार ने भी शारीरिक एवं मानसिक सेहत को बढ़ावा देने में योग के महत्त्व पर जोर दिया और लोगों को फिटनेस को अपनी नियमित आदत बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम की शुरूआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। इसके बाद कोलकाता से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन की लाइव-स्ट्रीमिंग और प्रसिद्ध योग एवं वेलनेस इंस्ट्रक्टर अनुष्का परवानी के नेतृत्व में 'सामान्य योग अभ्यासक्रम' का सत्र आयोजित किया गया। परवानी को 'फिट इंडिया आइकन' के रूप में सम्मानित भी किया गया। फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में योगदान के लिए अक्षय कुमार को भी 'फिट इंडिया आइकन' के रूप में सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर योगासन में भारत की उपलब्धियों को भी सराहा गया और अहमदाबाद में हाल ही में सम्पन्न हुई वर्ल्ड योगासन स्पोर्ट चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को 'फिट इंडिया चैंपियन' के रूप में सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में खेल सचिव हरि रंजन राव, युवा कार्यक्रम की सचिव पल्लवी जैन गोविल, खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी तथा खेल जगत से जुड़े लोग शामिल हुए।

औपचारिक कार्यक्रम के बाद प्रतिभागियों ने योग से जुड़ी गतिविधियों, विशेषज्ञों की देखरेख में परामर्श सत्र और भारत की पारंपरिक फिटनेस पद्धतियों को दर्शाने वाले मल्लखंब के प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

देशभर में हुए इस आयोजन से 'फिट इंडिया', 'माई भारत' और 'योगासन भारत' जैसी प्रमुख पहलों के बीच बेहतर जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए बेहतर आपसी तालमेल की झलक मिली।

**योग भारत की अमूल्य धरोहर, इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनायें : अश्विनी...**

करता है। उन्होंने कहा कि योग भारत की सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न हिस्सा है। स्वामी विवेकानंद ने भारतीय आध्यात्मिक परम्पराओं को विश्व मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी और आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में योग वैश्विक जनआन्दोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने श्री अन्न (बाजरा) से निर्मित योगासन आकृतियों की सराहना करते हुए पारंपरिक पौष्टिक आहार और स्वस्थ जीवनशैली के बीच सम्बन्ध को भी रेखांकित किया।

केंद्रीय राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति और जीवन दर्शन का अभिन्न अंग है। स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन से ही सशक्त समाज तथा विकसित राष्ट्र का निर्माण सम्भव है। योग व्यक्ति को अनुशासन, संयम और संतुलन का पाठ पढ़ाता है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी, युवा, महिलाएं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

**स्वस्थ नागरिक ही मजबूत लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूंजी : ओम बिरला...**

की सॉफ्ट पावर नहीं, मानवता के लिए भारत की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को संवाद चाहिए, संवाद के लिए मन का संतुलन जरूरी, योग यही सिखाता है।

योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बिरला ने कहा कि भारत के ऋषियों-मनीषियों ने सदियों तक योग परम्परा के संरक्षण के लिए प्रयास किये और इसे जीवन जीने की पद्धति के रूप में स्थापित किया। इसका उद्देश्य शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और मानव चेतना का जागरण था। उन्होंने कहा कि आज योग एक वैश्विक जनआन्दोलन बन चुका है और दुनिया इसे अपना रही है, पर यह भारत की हजारों वर्षों पुरानी ज्ञान-परम्परा का उपहार है।

अपने सम्बोधन में समकालीन जीवन में योग की प्रासंगिकता पर बल देते हुए लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि आधुनिक जीवन तनाव, असंतुलन और अनिश्चितताओं से घिरा है। ऐसे समय में योग मानसिक शांति, धैर्य, भावनात्मक संतुलन और अनुशासित जीवनशैली बनाए रखने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक मानसिक तनाव है; योग इसका सुलभ, वैज्ञानिक और समावेशी समाधान प्रस्तुत करता है। आज की डिजिटल पीढ़ी को स्क्रीन टाइम और स्ट्रेस के बीच संतुलन बनाने के लिए योग को जीवनशैली बनाना होगा।

**योग सदियों से भारतीय संस्कृति व जीवन पद्धति का महत्वपूर्ण हिस्सा : डॉ. इरफान...**

कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री, रांची विधायक, अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य अजय कुमार, रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सरोज शर्मा सहित कई गण्यमान्य अतिथि और अधिकारी उपस्थित रहे।

**पुलिस-पीएलएफआई उग्रवादियों में मुठभेड़, एरिया कमांडर सहित सात उग्रवादी गिरफ्तार...**

जानकारी उपलब्ध करा सकते हैं।

एसपी ऋषभ गर्ग ने कहा कि श्रवण दास लम्बे समय से खूंटी और आसपास के जिलों में सक्रिय था तथा संगठन की गतिविधियों को संचालित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा था। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई गम्भीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह लेवी वसूली, ठेकेदारों को धमकाने, विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न करने और क्षेत्र में दहशत फैलाने जैसी गतिविधियों में शामिल रहा है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, हाल के दिनों में उसने कर्रा थाना क्षेत्र में रेलवे निर्माण कार्य से जुड़े एक परियोजना स्थल पर फायरिंग की थी और वहां खड़ी कई मशीनों एवं वाहनों में आग लगा दी थी। इसके अलावा तोरपा क्षेत्र में एक गैस गोदाम पर गोलीबारी तथा सुंदारी क्षेत्र में निमार्णाधीन पुल परियोजना से जुड़े ठेकेदारों से लेवी मांगने की घटनाओं में भी उसकी संलिप्तता सामने आयी है। इन घटनाओं के कारण विकास कार्य प्रभावित हुए थे और स्थानीय लोगों में भय का माहौल उत्पन्न हुआ था।

एसपी ने कहा कि श्रवण दास की गिरफ्तारी पीएलएफआई के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान की महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे संगठन की गतिविधियों को बड़ा झटका लगेगा और क्षेत्र में शांति एवं विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस उग्रवाद के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है और किसी भी उग्रवादी संगठन को कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बनने नहीं दिया जायेगा।

उन्होंने बताया कि पुलिस संगठन से जुड़े अन्य सक्रिय सदस्यों और सहयोगियों की पहचान करने में जुटी है। बरामद दस्तावेजों और डायरी के आधार पर कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आने की उम्मीद है, जिसके बाद आगे भी कार्रवाई की जायेगी।

पुलिस अधीक्षक ने उग्रवादी गतिविधियों में शामिल युवाओं और अन्य लोगों से हिंसा का रास्ता छोड़ कर मुख्यधारा में लौटने की अपील की है।

**झारखंड के 67 केन्द्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न...**

अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया गया। रांची के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) कुमार रजत ने बताया कि जिले के सभी 21 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य अभ्यर्थियों को सुरक्षित और सहज वातावरण उपलब्ध कराना था। इसके लिए सभी केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा बल, मजिस्ट्रेट और निगरानी टीमों की तैनाती की गई थी। एसडीओ कुमार रजत ने कहा कि रांची के सभी परीक्षा केंद्रों पर नीट यूजी री-एग्जाम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई है। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों के साथ मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

## एक झलक

### ब्रिटेन में लेबर पार्टी के 100 सांसद हुए बागी

**लंदन** : ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर की कुर्सी कई महीनो से खतरे में थी। अब जानकारी मिल रही है कि स्टार्मर अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। हालांकि, दूसरी तरफ सरकारी सूत्रों ने इन दावों को खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि पीएम स्टार्मर का पूरा ध्यान अभी देश चलाने और अपने काम पर केंद्रित है।
दरअसल पहले से ही पीएम स्टार्मर की कुर्सी पर मंडरा रहा खतरा शुक्रवार को और गहरा हो गया। उनके धुर विरोधी नेता एंडी बर्नहैम ने 19 जून को संसद का चुनाव जीत लिया। इस जीत के बाद बर्नहैम को स्टारमर के खिलाफ लीडरशिप की चुनौती पेश करने का मौका मिल गया है।

### इजराइली हमले में दो मासूमों समेत 6 की मौत

**तेलअवीव** : गाजा में सीजफायर लागू होने के बावजूद हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। शनिवार को इजराइली सेना ने फिर हवाई हमलों किए जिसमें दो बच्चों और एक मीडिया के कैमरामैन समेत करीब 6 लोगों की मौत हो गई। इन हमलों ने सीजफायर के असर और गाजा में लगातार बिगड़ते मानवीय हालात पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ये मौतें इजराइल और हमास के बीच हुए युद्धविराम के बावजूद हुईं। गाजा में रोज इजरायली सेना हमले कर रही है, जिनमें गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक एक हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट में गाजा के अस्पतालों के मुताबिक शनिवार शाम को तीन इजरायली हमलों में चार लोगों की मौत हो गई और करीब एक दर्जन घायल हुए।

### उपद्रवियों ने पहुंचाया रिफ्लेक्टिंग पूल को नुकसान

**वॉशिंगटन** : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने कहा कि लिंकन मेमोरियल रिफ्लेक्टिंग पूल में तोड़-फोड़ के आरोप में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि तोड़-फोड़ करने वालों ने पूल को बहुत नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने दावा किया कि इसकी नई लाइनिंग में 250 फीट लंबा कट लगा है और पानी में तेजाब जैसे खतरनाक केमिकल डाल दिए गए हैं। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर कहा कि हमारे खूबसूरत रिफ्लेक्टिंग पूल में की गई तोड़-फोड़ के सिलसिले में कई और लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# गोवा अवैध खनन मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, 1,023.85 करोड़ की सम्पत्तियां कुर्क

एजेंसी
**नयी दिल्ली** : गोवा के अवैध लौह अयस्क खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सलगांवकर समूह और उसके सहयोगियों (एवीएस समूह) से जुड़ी 1,023.85 करोड़ की चल एवं अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत की गई है।
ईडी के पणजी आंचलिक कार्यालय ने 19 जून को जारी एक अंतरिम कुर्की आदेश के तहत यह कुर्की की। कुर्क की गई संपत्तियों में भारत में स्थित 459.10 करोड़ रुपये मूल्य की 99 अचल संपत्तियां, सिंगापुर में स्थित 471.32 करोड़ रुपये मूल्य की 31 अचल संपत्तियां और भारतीय कंपनियों में 93.42 करोड़ रुपये मूल्य के इक्विटी शेयर शामिल हैं। ये संपत्तियां स्वर्गीय अनिल वासुदेव सलगांवकर की संपत्ति (उनकी प्रशासनिक श्रीमती लक्ष्मी अनिल सलगांवकर के माध्यम से), मैसर्स सलगांवकर माइनिंग इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, मैसर्स शांतिलाल खुशालदास एंड ब्रदर्स प्राइवेट लिमिटेड, मैसर्स एस कांतिलाल एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, मैसर्स सलीथो ओर्स प्राइवेट लिमिटेड, मैसर्स वर्टेक्स न्यूटन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और मैसर्स सुवर्णरेखा पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर पंजीकृत हैं।



ईडी ने बताया कि एजेंसी ने गोवा पुलिस की सीआईडी अपराध शाखा द्वारा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम (एमएमडीआर) के तहत दर्ज प्राथमिकी (एफआईआर) के आधार पर अपनी जांच शुरू की थी। इस मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी 21 अप्रैल, 2014 और 7 फरवरी, 2018 के अपने फैसलों में स्पष्ट किया था कि गोवा में 22 नवंबर 2007 के बाद (नए खनन पट्टे जारी होने तक) किया गया सारा खनन अवैध और बिना कानूनी अधिकार के था।
ईडी ने बताया कि एजेंसी की जांच में खुलासा हुआ कि एवीएस समूह ने वर्ष 2007 से 2012 के दौरान कुल दस खनन पट्टों का संचालन किया और लौह अयस्क के अवैध निष्कर्षण, बिक्री व निर्यात से लगभग 2,492.95 करोड़ की अपराध की कमाई अर्जित की।
अवैध रूप से निकाले गए इस अयस्क को बेहद कम कीमतों पर ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स (बीवीआई) में पंजीकृत शेल कंपनियों को निर्यात किया गया था। इन कागजी मध्यस्थ कंपनियों ने इस अयस्क को आगे चीन को बेच दिया, जिससे लगभग 2,744.89 करोड़ का अतिरिक्त विदेशी व्यापार लाभ कमाया गया। मामले में कुल अपराध की कमाई लगभग 5,237.84 करोड़ रुपये है।
इस धनराशि को बीवीआई और सिंगापुर स्थित शेल कंपनियों के माध्यम से विदेशों में चल-अचल संपत्तियां खरीदने में लगाया गया और इसका एक हिस्सा शेयर पूंजी के रूप में वापस भारत में भी भेजा गया। मामले में आगे की जांच अभी जारी है।

# नयी रेल परियोजनाओं को सीमा क्षेत्रों में मिली रफ्तार : रेल मंत्री

एजेंसी
**बीकानेर** : केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा केंद्रीय विधि एवं न्याय एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को बीकानेर रेलवे स्टेशन से बीकानेर-लालगढ़-अमदावाद (साबरमती) एक्सप्रेस रेल सेवा का शुभारंभ करते हुए ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेल मंत्रालय द्वारा राजस्थान के सीमांत क्षेत्रों को मजबूत रेल नेटवर्क से जोड़ने की महत्वाकांक्षी योजना पर कार्य किया जा रहा है। इसके तहत बीकानेर, जैसलमेर, श्रीगंगानगर और बाड़मेर जिलों के अनेक गांवों को रेलवे सुविधा से जोड़ने का प्रकल्प हाथ में लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना की डीपीआर बनाने सहित विभिन्न प्रक्रियाएं प्रगति पर हैं। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर के 1,300 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। अनेक स्टेशनों का कार्य पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि बीकानेर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए जून माह में पुनः टेंडर जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जैसलमेर सहित विभिन्न रेलवे स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किए गए हैं, जिनकी देश-विदेश के पर्यटकों द्वारा सराहना की जा रही है।
रेल मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प है। इसे साकार करने में सरकार के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक, युवा, किसान और महिलाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने क्षेत्र में पूर्ण हो चुके तथा प्रगतिरत रेल दोहरीकरण कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि लालगढ़ से बीकानेर रेलवे स्टेशन तक भी रेल लाइन का दोहरीकरण किया जाएगा। वैष्णव ने नाल से पालना तक रेलवे बाईपास निर्माण की योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके बनने से मालगाड़ियों का शहर के भीतर आवागमन कम होगा, जिससे यातायात सुगम होगा और प्रदूषण में भी कमी आएगी।
केंद्रीय विधि एवं न्याय तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि बीकानेर के लिए यह ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण दिन है। बीकानेर से अहमदाबाद तक शुरू हुई यह रेल सेवा हजारों यात्रियों के लिए लाभदायक सिद्ध होगी। उन्होंने बीकानेर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन के लिए रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया। मेघवाल ने कहा कि शहर के कोर्ट गेट रेलवे फाटक तथा सांखला रेलवे फाटक जैसी वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है।



### 76 हजार करोड़ रुपये के रेल विकास कार्य प्रगति पर

**वैष्णव** ने कहा कि बीकानेर से अमदावाद के लिए नई रेल सेवा प्रारंभ होने के बाद भविष्य में अन्य रेलगाड़ियों के संचालन की भी संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि रेल लाइनों के विद्युतीकरण और आधारभूत ढांचे के विस्तार के कारण आने वाले समय में रेलवे का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए 24 मॉडल कार्गो गति शक्ति टर्मिनल विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें बीकानेर क्षेत्र के आसपास छह कार्गो टर्मिनल शामिल हैं। वर्तमान में राजस्थान में लगभग 76 हजार करोड़ रुपये के रेल विकास कार्य प्रगति पर हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने पर प्रदेश के रेल मानचित्र में व्यापक परिवर्तन देखने को मिलेगा। रेल मंत्री ने कहा कि इस वर्ष राजस्थान को रेलवे विकास के लिए 10,228 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। उन्होंने बीकानेर को शौर्य और परंपरा की भूमि बताते हुए यहां की भुजिया और रसगुल्लों का उल्लेख किया तथा इंदिरा गांधी नहर परियोजना के विकास में योगदान देने वाले पूर्व राजपरिवार की सराहना की।

# पंजाब को नशा मुक्त बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास किये जायेंगे : नितिन नवीन

एजेंसी
**जालंधर** : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा है कि पंजाब में नशे के रूप में फैल रहे ‘चिट्टे’ के जहर को हर हाल में समाप्त किया जाएगा और पंजाब से ड्रग्स का नामोनिशान मिटाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।
नितिन नवीन ने रविवार को पंजाब के जालंधर स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) में आयोजित योग कार्यक्रम में भाग लिया और सैकड़ों लोगों के साथ योगाभ्यास किया। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में हर पंजाबी को इस चिंता में भागीदार बनना होगा। पंजाब को नशामुक्त बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों को आगे आना होगा। भाजपा नेता नितिन नवीन ने छात्रों को नशा विरोधी शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने पंजाब में नशे की समस्या पर चिंता जताते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के विजन से जोड़ा। पीएम मोदी के 2047 के विजन का जिक्र करते हुए नितिन नवीन ने कहा कि भारत अब एक साझा राष्ट्रीय लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मार्गदर्शन कर रहा है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि देश के युवाओं को मजबूत और नशे से मुक्त रखना बेहद जरूरी है।



■ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एलपीयू जालंधर में किया योग

### जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने नीतीश कुमार

**पटना** : नीतीश कुमार एक बार फिर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए है। रविवार को पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में इस पर मुहर लगी है। वहीं, उमेश कुशवाहा को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। यह निर्णय राज्य परिषद की बैठक में लिया गया है। बैठक में शामिल होने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद पार्टी ऑफिस पहुंचे थे। यहां नीतीश कुमार पर फूलों की बारिश की गई। कार्यकताओं ने पूर्व सीएम के स्वागत में ढोल-नगाड़े बजाए। साथ ही नीतीश कुमार जिंदाबाद के नारे भी लगाए। डिप्टी सीएम विजय चौधरी ने कहा कि बैठक में नीतिश कुमार के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर राष्ट्रीय परिषद की बैठक में मुहर लगी है।

### प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से वैश्विक पहचान मिली योग को : माहेक चौधरी

एजेंसी
**मुम्बई** : बॉलीवुड अभिनेत्री माहेक चौधरी ने देशवासियों और अपने सभी प्रशंसकों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य विरासत है, जिसने आज पूरी दुनिया को स्वस्थ जीवन जीने की नई दिशा दी है। माहेक चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों की बदौलत योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे विश्व में बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है कि योग की उत्पत्ति भारत में हुई और आज भारत ही विश्व में योग का चेहरा बन चुका है। माहेक चौधरी ने यह भी कहा कि भविष्य में वह राजनीति के क्षेत्र में भी अपनी भूमिका निभाना चाहती हैं और देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनके कार्यों से प्रेरित हैं तथा उनके पदचिह्नों पर चलते हुए भारत को आगे बढ़ाने और युवाओं की आवाज को मजबूत करने का सपना रखती हैं।



### उद्धव गुट के ओमराजे निंबालकर ने भी की बगावत

**मुंबई** : महाराष्ट्र की राजनीति में चल रहे चर्चित 'ऑपरेशन टाइगर' के बीच शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद ओमराजे निंबालकर ने एकनाथ शिंदे के साथ जाने का ऐलान कर दिया है। उनके इस फैसले को उद्धव ठाकरे के लिए बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है। ओमराजे निंबालकर के इस कदम से शिवसेना (उद्धव गुट) में टूट की अटकलों को और बल मिला है। जानकारी के अनुसार, पिछले कई दिनों से 'ऑपरेशन टाइगर' के तहत शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसदों के शिंदे गुट में शामिल होने की चर्चाएं चल रही थीं। ओमराजे निंबालकर के फैसले के बाद यह अभियान फिर से सक्रिय होता दिखाई दे रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि आने वाले दिनों में कुछ और सांसद भी अपना रुख स्पष्ट कर सकते हैं। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि 'ऑपरेशन सफल रहा है', जबकि शिंदे गुट के नेताओं ने इसे अपनी राजनीतिक ताकत में बढ़ोतरी बताया है।

### दक्षिण पूर्व रेलवे ने मनाया 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



एजेंसी
**कोलकाता** : दक्षिण पूर्व रेलवे ने 21.06.2026 को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 को बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योगह्व है।
दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक, श्री अनिल कुमार जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा उन्होंने गार्डनरीच स्थित दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय के बीएनआर इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दीप प्रज्वलित कर योग सत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सभी प्रधान विभागाध्यक्ष तथा अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय में योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें द आर्ट ऑफ लिविंग, कोलकाता केंद्र के विशेषज्ञ योग प्रशिक्षकों ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। योग, सचेत श्वास (माइंडफुल ब्रीदिंग) और ध्यान के माध्यम से तनाव एवं चिंता को कम करता है। यह शरीर की लचीलापन और शक्ति को बढ़ाकर उसे स्वस्थ एवं सक्रिय बनाए रखने में सहायक होता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण (लाइव स्ट्रीमिंग) भी आयोजित किया गया।
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस दक्षिण पूर्व रेलवे के सभी चार मंडलों अर्थात खड़गपुर, आद्रा, चक्रधरपुर तथा रांची में भी मनाया गया।

### भाजपा की डबल इंजन सरकार बुंदेलखंड का प्राचीन गौरव वापस दिलाने को प्रतिबद्ध : योगी

**महोबा** : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है की केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार बुंदेलखंड को उसका प्राचीन गौरव वापस दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की परियोजनाएँ अब इस पिछड़े क्षेत्र को बदहाली और बेरोजगारी से उबार कर विकास के कीर्तिमान तय करते हुए समृद्द व सशक्त बना रही है।
महोबा के मोदी ग्राउंड मे रविवार को 697 करोड़ की 88 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा की बुंदेलखंड को माफिया ने अपनी जागीर बना लिया था। पूर्ववर्ती नकारात्मक और बीमार मानसिकता की सरकारों का संरक्षण पाकर यहां भू माफिया, खनन माफिया, जंगल माफिया आदि सक्रिय रहते हुए इलाके को खोखला कर रहे थे।

## बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में शक्ति केन्द्रों की बैठक सम्पन्न

# मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर हुई चर्चा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
**बांकीपुर** : बांकीपुर विधानसभा अंतर्गत गौतम बुद्ध मंडल श्री कृष्ण नगर शक्ति केन्द्र में पॉकेट मीटिंग आयोजित किया गया। पहला मीटिंग श्री कृष्ण नगर. स्टेट बैंक के सामने गली में स्थित दिग्विजय सिंह (समूह संपादक पंच एवं फ्रीडम फाइटर) के आवास पर एवं दूसरा मीटिंग श्री कृष्णनगर रोड न. 14 में स्थित शक्ति केन्द्र प्रमुख अजीत शर्मा के आवास पर आयोजित की गयी।
श्री कृष्ण नगर शक्ति केन्द्र की बैठक में प्रभारी स्वरूप कुम्हरार विधानसभा के विधायक संजय कुमार गुप्ता स्वयं उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण, विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत की संकल्प यात्रा के 12 वर्ष पूर्ण हो गये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के सफल 12 वर्षों की उपलब्धियों पर स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों के साथ विशेष चर्चा की गयी। इस कार्यक्रम में वार्ड, 25 के पार्षद रजनीकांत की उपस्थिति रही।

**पदाधिकारीगण का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ, जो निम्न हैं...**
**गौतम** बुद्ध मंडल अध्यक्ष-अखिलेश कुमार (लुलन जी), शक्ति केन्द्र प्रमुख-अजीत शर्मा, सेक्टर प्रभारी-प्रीतम श्रीवास्तव, मंडल प्रभारी-अभिषेक बंटी, मंडल प्रभारी-मदन पंडित, डॉ. पुरुषोत्तम मिश्रा, चुनाव सेल संयोजक-विनोद सिंह, जिला मीडिया प्रभारी-नवनीत कुमार, आईटी सेल संयोजक-रचित चन्द्रा, क्षेत्रीय प्रभारी-जयराज निषाद, कार्यकारिणी सदस्य-कंचन सिंह











**उपस्थित प्रबुद्ध नागरिक :**
अखिलानंद सिंह, केशव किशोर सिन्हा (मुन्ना जी), प्रभुनाथ सिंह, बचनू जी, राजीव सिंह, प्रभात कुमार सिन्हा, असीत कुमार, राकेश सिंह आदि की उपस्थिति रही।